दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 188 जयपुर, सोमवार, 17 जून, 2024 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष- एकादशी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### बीजेपी MLA डॉ. विश्वनाथ मेघवाल को हार्ट अटैक



**जयपुर/ बीकानेर।** बीकानेर जिले की खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल को रविवार सुबह हार्ट अटैक आ गया। अचानक तबीयत बिगड़ने पर बीकानेर के पीएनबी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें हल्दीराम हार्ट केयर सेंटर में भर्ती कर लिया है। डॉक्टरों के मुताबिक डॉ. मेघवाल को माइनर अटैक आया है। ऑपरेशन करके एक स्टंट लगाया गया है। अब उनकी हालत खतरे से बाहर है। डॉक्टरों का कहना है कि घबराने की बात नहीं है। उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।

### फिर फंदे से लटका छात्र, छह महीने में 11वां सुसाइड



**कोटा।** शहर में IIT-JEE प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे 17 वर्षीय छात्र की सुसाइड का मामला सामने आया है। इस साल शिक्षा नगरी कोटा में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र की आत्महत्या का यह 11वां मामला है। पुलिस का कहना है कि छात्र ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बिहार के मोतिहारी निवासी आयुष जायसवाल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए दो साल से महावीर नगर इलाके के सम्राट चौक के पास एक पेइंग गेस्ट हाउस में रह रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दरवाजे का ताला तोड़कर छात्र को फंदे से लटका मिला।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**मौसम:** उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में भीषण गर्मी और लू का कहर

# प्रदेश में गर्मी ने फिर दिखाए तीखे तेवर... हीटवेव का अलर्ट

**बेधड़क** | नई दिल्ली/ जयपुर

देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का कहर जारी रहेगा। खासकर की उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में अगले कुछ दिन यही स्थिति देखने को मिलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, 18 जून तक राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, जम्मू संभाग, बिहार और झारखंड में लू का प्रकोप जारी रहेगा। हालांकि, विभाग ने अनुमान जताया है कि उसके बाद उपरोक्त क्षेत्रों में गर्मी की तीव्रता में कमी आएगी। उधर, राजस्थान के अधिकांश जिलों में धूप की तल्खी ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए।

अब मौसम विभाग ने आगामी दो दिन प्रदेश के 6 जिलों में हीटवेव चलने की संभावना जताई है। इसके साथ ही यहां तेज हवाओं के साथ बादल छाए रहने की संभावना जताई है। रविवार को प्रदेश के पिलानी, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू समेत कुछ जिलों में दिन का अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। श्रीगंगानगर, पिलानी, चूरू में हीटवेव चलनी शुरू हो गई है।


मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार, राजस्थान के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना है। इस सिस्टम के प्रभाव से उदयपुर, कोटा और अजमेर संभाग के 9 जिलों में दोपहर बाद आंधी चल सकती है और बादल छा सकते हैं। इन सबके बावजूद यहां बारिश होने की संभावना बहुत कम है।

### श्रीगंगानगर प्रदेश में सबसे गर्म स्थान

जयपुर में रविवार सुबह से ही तेज गर्मी रही। दोपहर में चिलचिलाती धूप ने लोगों को खासा परेशान किया। जयपुर में रविवार को अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री रहा, जबकि श्री गंगानगर में सर्वाधिक तापमान 46.7 डिग्री रहा। अजमेर, भीलवाड़ा, टोंक के एरिया में भी मौसम में बदलाव देखने को मिले। यहां दोपहर बाद धूलभरी हवा चली और आसमान बादलों से ढक गया। चूरू, भरतपुर और करौली में भी तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के नजदीक दर्ज हुआ।

### फिर बदलेगा मिजाज

मौसम विभाग के मुताबिक, एक नया पश्चिमी विक्षोभ 18 जून से उत्तर-पश्चिम भारत पर एक्टिव होने की संभावना है। इसके प्रभाव से 18 से 20 जून के दौरान प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।



### धूलभरी आंधी की जताई संभावना

मौसम केंद्र जयपुर से जारी फोरकास्ट के मुताबिक सोमवार को अलवर, भरतपुर, धौलपुर, झुंझुनूं, हनुमानगढ़ और गंगानगर के एरिया में दिन में तेज गर्मी रहने के साथ हीटवेव चलने की संभावना है। प्रतापगढ़, कोटा, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, बूंदी, भीलवाड़ा, बारां, बांसवाड़ा और अजमेर में मौसम में बदलाव होने के साथ धूलभरी आंधी चल सकती है।

**घोषणा:** भजनलाल सरकार का प्रदेशवासियों को बड़ा तोहफा

# प्रदेश के सात जिलों में चलाई जाएंगी 500 इलेक्ट्रिक बसें

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेशवासियों के लिए बड़ी घोषणा की है। भजनलाल सरकार राज्य के सात जिलों में 500 इलेक्ट्रिक बसें चलाएगी। सरकार का यह कदम ईको फ्रेंडली हैं। सरकार की इस पहल से वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसके बारे में जानकारी दी है। सीएम भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि सात शहरों में 500 इलेक्ट्रिक बस चलेंगी। जयपुर, जोधपुर, कोटा, अजमेर,बीकानेर, भरतपुर और उदयपुर में ये इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने बजट में 500 इलेक्ट्रिक बस की घोषणा की थी। इससे पहले भजनलाल सरकार ने महिलाओं को थर्ड ग्रेड शिक्षक भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया था। इसके बाद अब प्रदेश में 7 शहरों में 500 इलेक्ट्रिक बसें चलाने की घोषणा की है।



**बीकानेर व फलोदी को सीएम की सौगात**

## 4 सोलर पार्क के लिए भूमि आंवटन को मंजूरी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी एवं आत्मनिर्भर बनाने की कवायद में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 4 सोलर पार्कों के लिए भूमि आंवटन को मंजूरी दी है। ये सोलर प्रोजेक्ट बीकानेर व फलौदी में स्थापित किए जाएंगे।

प्रस्ताव के अनुसार बीकानेर जिले में 2450 मेगावाट के 3 सोलर पार्कों की स्थापना के लिए राजस्थान सोलर पार्क डवलपमेंट कंपनी को कुल 4780 हेक्टेयर तथा फलौदी जिले में 500 मेगावाट के एक सोलर प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड को लगभग 910 हेक्टेयर भूमि आवंटन को मंजूरी दी गई है। बीकानेर जिले में एक-एक हजार मेगावाट के दो तथा 450 मेगावाट का एक सोलर पार्क स्थापित किया जाएगा।

पहले सोलर पार्क के लिए पूगल तहसील के ग्राम सूरासर में लगभग 1881 हेक्टेयर भूमि आवंटन को मंजूरी दी गई है। इसी तरह एक हजार मेगावाट के दूसरे सोलर पार्क के लिए दो हजार हेक्टेयर भूमि आवंटित की जाएगी। इसमें से 1194 हेक्टेयर भूमि सूरासर तथा लगभग 807 हेक्टेयर भूमि ग्राम भणावतावाला में स्थित है। इसी प्रकार बीकानेर जिले में ही 450 मेगावाट के तीसरे सोलर पार्क की स्थापना के लिए छत्तरगढ़ तहसील के ग्राम सरदारपुरा में 900 हेक्टेयर भूमि आवंटन को मंजूरी दी गई है।

**किताबों में बाबरी मस्जिद का जिक्र हटाने पर बोले NCERT निदेशक...**

# ‘क्यों पढ़ाया जाए दंगों के बारे में?’



**बेधड़क** | नई दिल्ली

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा कि स्कूलों में दंगों के बारे में पढ़ाना ठीक नहीं है और यह हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा कर सकता है। उन्होंने स्कूली किताबों से गुजरात दंगों और बाबरी मस्जिद विध्वंस से जुड़े हिस्सों को संशोधित करने के संदर्भ में ये बात कही। सकलानी ने कहा कि पाठ्यपुस्तकों में बदलाव सालाना संशोधन का हिस्सा हैं और इसे शोर-शराबे का विषय नहीं बनाना चाहिए। एनसीईआरटी की किताबों में गुजरात दंगों या बाबरी मस्जिद विध्वंस के संदर्भ में बदलाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमें स्कूली पाठ्यपुस्तकों में दंगों के बारे में क्यों पढ़ाना चाहिए? हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं, ना कि हिंसक और अवसादग्रस्त व्यक्ति।

एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा कि ‘क्या हमें अपने छात्रों को इस तरह से पढ़ाना चाहिए कि वे आक्रामक हो जाएं, समाज में नफरत पैदा करें या नफरत का शिकार बनें? क्या यह शिक्षा का उद्देश्य है? क्या हमें ऐसे छोटे बच्चों को दंगों के बारे में पढ़ाना चाहिए? जब वे बड़े होंगे तो वे इसके बारे में सीख सकेंगे, लेकिन स्कूल की पाठ्यपुस्तकें क्यों? उन्हें बड़े होने पर समझने दें कि पर क्या हुआ और क्यों हुआ, बदलावों के बारे में हंगामा अप्रासंगिक है।' एनसीईआरटी की टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं, जब नई किताबें कई संशोधन के साथ बाजार में आई हैं। कक्षा 12 की राजनीतिक विज्ञान की संशोधित किताब में बाबरी मस्जिद का उल्लेख नहीं है, लेकिन इसे तीन गुंबद वाली संरचना के रूप में संदर्भित किया गया है। साथ ही, अयोध्या खंड को चार से घटाकर दो पृष्ठ कर दिया गया है और पिछले संस्करण से इसका विवरण हटा दिया गया है। एनसीईआरटी के प्रमुख ने सवाल उठाया कि भारतीय ज्ञान प्रणाली के बारे में पढ़ाना किस तरह भगवाकरण है। उन्होंने पूछा, “अगर हम महरौली में लौह स्तंभ के बारे में बता रहे हैं और कह रहे हैं कि भारतीय किसी भी धातु वैज्ञानिक से बहुत आगे थे, तो क्या हम गलत हैं? यह भगवाकरण कैसे हो सकता है?”

### ‘शिक्षा का उद्देश्य हिंसा पैदा करना नहीं’

एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा कि हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं और यही हमारी पाठ्यपुस्तकों का उद्देश्य है। हम उनमें सब कुछ नहीं रख सकते। हमारी शिक्षा का उद्देश्य अवसादग्रस्त या हिंसक नागरिक पैदा करना नहीं है। घृणा और हिंसा शिक्षण के विषय नहीं हैं। उन पर हमारी पाठ्यपुस्तकें केंद्रित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संकेत दिया कि 1984 के दंगों के किताबों में नहीं होने को लेकर भी उतना हंगामा नहीं किया जाता।

**पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव समापन समारोह एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन में बोले CM**

# मोदी के नेतृत्व में सभी क्षेत्रों में लहराया परचम

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान की धरती शौर्य और त्याग की भूमि है। यहां के वीरों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया है। उन्होंने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान जैसे शूरवीरों की वीरता से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री रविवार को ब्यावर में सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव समापन समारोह एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन एक अच्छी सामाजिक परंपरा है। इससे फिजूलखर्ची पर रोक लगने के साथ ही समाज में एकता, सद्भाव और समरसता की भावना जाग्रत होती है। सीएम ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में गरीब कल्याण, देश का विकास, सीमाओं की सुरक्षा और विश्व में भारत का गौरव बढ़ाने सहित सभी क्षेत्रों में देश का परचम लहराया है।

## केंद्रीय मंत्री के अभिनंदन समारोह में पहुंचे सीएम



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार ने आमजन से संकल्प पत्र में किए 45 प्रतिशत वादों को पूरा कर दिया है। नीतियों और योजनाओं के माध्यम से युवा, किसान, महिलाओं का सशक्तिकरण और गरीब का कल्याण करना हमारी प्राथमिकता है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत संपूर्ण विश्व में मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरा है और राजस्थान भी तरक्की के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री रविवार को किशनगढ़ में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास हुआ है।

**लोकसभा चुनाव में मिली हार की समीक्षा**

# बीजेपी में हार के कारणों पर महामंथन और चिंतन... लिया फीडबैक

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव में राजस्थान को लेकर आए नतीजे के बाद भाजपा में महामंथन का दौर जारी है। पहले दौर में 7 लोकसभा सीटों पर मंथन हुआ, जबकि दूसरे दौर में 4 लोकसभा सीटों को लेकर चर्चा हुई। बीजेपी मुख्यालय में हुई बैठक में सीएम भजनलाल शर्मा, चुनाव प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, सह प्रभारी विजया राहटकर ने सीटवार हारे हुए लोकसभा उम्मीदवारों, विधायकों और स्थानीय नेताओं के साथ कारणों पर फीडबैक लिया। बंद कमरे में हुई बैठक में सीएम भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इसके अलावा संभाग प्रभारी, सह संभाग प्रभारी, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, लोकसभा प्रभारी, लोकसभा संयोजक, प्रत्याशी, पूर्व सांसद और विधायक और विधायक प्रत्याशी से फीडबैक लिया गया।

वरिष्ठ नेताओं के सामने हारे हुए उम्मीदवारों और फील्ड पर काम कर रहे नेताओं ने एक-एक करके हार के कारण गिनाए। कई उम्मीदवारों ने प्रदेश प्रभारी, प्रदेशाध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं के सामने अपना दर्द जाहिर करते हुए कहा- बहुत सी जगहों पर अपनों ने हरवाया है। पार्टी को ऐसे नेताओं के बारे में चुनाव के वक्त ही बता दिया था, लेकिन इसके बाद भी सुधार नहीं हुआ। नेताओं ने अंदरखाने साथ रहने का नाटक किया, लेकिन उनके समर्थकों ने पार्टी को हरवाने में दिन-रात एक कर दिया।

रविवार को बैठक खत्म होने के बाद प्रदेश चुनाव प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि बैठक में पार्टी की रीति और पद्धति के अनुसार मंथन किया गया।




### हवा का रुख भापंने में हुए फेल

हार के कारणों की समीक्षा में सभी सीटों पर तीन से चार बातें कॉमन रहीं। ज्यादातर नेताओं ने यह माना है कि हवा का रुख भांपकर रणनीति बदलने में फेल साबित हुए। कई सीटों पर तो शुरू में लग ही नहीं रहा था कि इस तरह का अंडर करंट है, लेकिन जब प्रचार गति पकड़ने लगा तो इसका एहसास हुआ। तब तक देर हो चुकी थी। नेताओं और उम्मीदवारों ने कहा कि कांग्रेस ने जिस तरह एससी-एसटी आरक्षण खत्म होने का प्रचार किया। उसका समय पर जवाब नहीं दे सके। जब तक उसे काउंटर करना शुरू किया, तब तक देर हो चुकी थी। कांग्रेस के इस नरेटिव से एससी-एसटी वोटर में बहुत नुकसान हुआ। इसे काउंटर करने की कोशिश वोट में नहीं बदली।

### माहौल 2014 और 2019 से अलग था

स्थानीय नेताओं ने तर्क दिया कि ओवर कॉन्फिडेंस भी हार का बड़ा कारण रहा। ग्राउंड पर बड़े-बड़े नेता नहीं भांप सके कि इस बार का चुनाव 2014 और 2019 से अलग था। पहले के दो चुनावों में माहौल अलग था। इस बार का माहौल बदल चुका था। चुनाव लड़ने वालों से लेकर ग्राउंड पर रणनीति बनाने वाले ओवर कॉन्फिडेंस में रहे, यह हार की बड़ी वजह रही।

### जातीय समीकरण नहीं सधे

ज्यादातर नेताओं ने जातीय नाराजगी को हार का बड़ा कारण बताया। चूरू, सीकर, झुंझुनूं, नागौर और बाड़मेर के नेताओं ने माना कि एससी-एसटी के अलावा अब तक साथ रही जातियां भी इस बार नाराज थीं। पिछले चुनावों में जिन बड़ी जातियों का वोट बीजेपी को मिला। इस बार वे नाराज थीं। जातीय समीकरण साध नहीं पाए, यह नाराजगी धीरे-धीरे बढ़ती ही रही।

### एससी-एसटी वोटर्स पर करेंगे मंथन

पूर्वी राजस्थान की दौसा और टोंक-सवाई माधोपुर सीट के नेताओं ने फीडबैक बैठक में तर्क दिया कि खुद की कमजोरियां भी हार की बड़ी वजह रही हैं। एससी-एसटी के वोटर्स ने कांग्रेस की ही क्यों सुनी, इस पर विचार करना होगा। इसका मतलब है कि काम नहीं हुआ। ग्राउंड पर जाकर लोगों के बीच काम करने में और कागजों में प्लानिंग करने में फर्क होता है। जो यहां साफ दिखा है।

# शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पाली में भामाशाह के सहयोग से निर्मित सरकारी विद्यालय के उद्घाटन में कहा...

# ज्यादा अंक लाना ही पर्याप्त नहीं, बच्चों में संस्कार भी जरूरी

**बेधड़क** | जयपुर

शिक्षा और पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर रविवार को पाली जिले के दौरे पर रहे, जहां उन्होंने पाली के बालराई में भामाशाह द्वारा निर्मित लगभग सात-आठ करोड रुपए की लागत से भवरीबाई घेवरचंदजी सुराणा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बालराई का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा द्वारा समाज में बदलाव लाया जा सकता है, उन्होंने कहा कि ये शिक्षा के क्षेत्र में आदर्श बनेगा,उन्होंने कहा कि यहां समस्त प्रकार का स्टाफ लगाया जाएगा साथ ही छात्र व छात्राओं के हित मे कार्य व फैसले किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किए गए भामाशाह द्वारा के प्रयास अनुकरणीय व प्रेरणादायी है। समारोह में उन्होंने कला, कृषि आदि संकाय खोलने की घोषणा की उन्होंने कहा कि जहां भी जरूरत होगी वहां शिक्षक लागए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, वे अपेक्षा करते हैं कि राज्य के शिक्षक मिलकर और बेहतर परिणाम अगले वर्ष देंगे। उन्होंने कहा कि बहुत ज्यादा अंक लाना ही पर्याप्त नहीं है, बच्चों को अच्छे संस्कार देना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का अंकुरण भी होना चाहिए।



### पौधारोपण के लिए सभी आएं आगे

शिक्षा मंत्री दिलावर ने पर्यावरण के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़ हमारे जीवन का मूलभूत आधार हैं, पेड़ हमें छाया, ऑक्सीजन और सब कुछ देते हैं। पेड़ों से तापमान काम होता है, प्रदूषण कम होता है और भी अनेक फायदे मिलते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी में तापमान कुछ जिलों में 50 डिग्री के ऊपर चला गया है । इससे बचाव के लिए तापमान को कम करने के लिए पेड़ लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी संगठन, संस्थाएं, व्यायसायी, आमजन पौधारोपण में आगे आए, सरकार द्वारा स्थानीय निकाय विभाग और पंचायतीराज विभाग के माध्यम से सभी को हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

### भामाशाह का प्रयास, रहेगा याद: जोराराम

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने भी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किया गया भामाशाह द्वारा किया गया कार्य आगे तक हमेशा याद रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अल्प काल मे विकास के अनेक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के माध्यम से आने वाले समय के भविष्य बच्चो के लिए समग्र विकास हो इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है विकास का लाभ सभी वर्गों को मिलेगा।

### गुणवत्ता पूर्ण व्यवस्थाएं भी जरूरी: चौधरी

इस अवसर पर पाली लोकसभा सांसद, पी पी चौधरी ने कहा कि उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उच्च गुणवत्तापूर्ण स्कूल का भवन व स्टाफ भी हो, ऐसे स्कूल से ग्रामीण बच्चों को अधिक लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों ने शिक्षा मंत्री दिलावर के साथ दसवीं व बारहवीं के विभिन्न संकायो में अव्वल आने वाले बच्चों को सम्मानित किया। इससे पहले कार्यक्रम में विद्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया।

## जरूरी खबर

### राज्यपाल ने पूजा अर्चना कर मांगी राष्ट्र की खुशहाली



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र रविवार को आगरा रोड स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंचे। मिश्र ने यहां भगवान लक्ष्मीनारायण की स्तुति की। मंदिर परिसर में ही उन्होंने भगवान शिव की भी विधिवत पूजा-अर्चना कर जलार्पण किया। इस दौरान वैदिक विद्वानों ने सस्वर मंत्रोच्चारण किया। राज्यपाल मिश्र ने भगवान लक्ष्मीनारायण और भगवान शिव से राष्ट्र की खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना की।

### वन मंत्री ने दिए समस्याओं के शीघ्र निदान के निर्देश

**जयपुर।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने अलवर जिले में अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 86 लोगों ने परिवेदानाएं प्राप्त हुई। मंत्री शर्मा ने जनसुनवाई में आए फरियादियों की परिवेदनाओं को गंभीरता से सुनकर मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी माध्यम से आमजन की परिवेदना प्राप्त हो तो उसका संवेदनशीलता के साथ त्वरित निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि फरियादी को समस्या निदान की प्रक्रिया की पूरी जानकारी देकर संतुष्ट किया जाए। साथ ही उच्च स्तर पर मदद करने का प्रयास करें।

### केंद्रीय मंत्री यादव ने किए मीन भगवान के दर्शन



**जयपुर।** केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने रविवार को राजगढ क्षेत्र के गांव भजेडा में स्थित मीन भगवान के मंदिर में विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री यादव ने कहा कि मीन भगवान के दर्शन से अभिभूत महसूस कर रहा हूं तथा मीन समाज द्वारा दिए गए स्नेह और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि मीन समाज शिक्षित, सामाजिक सरोकारों एवं भाईचारे की भावना को प्रबल करने की भावना रखने वाला समाज है। उन्होंने कहा कि अलवर जिले का सांसद होने के नाते अलवर का सर्वांगीण विकास पहली प्राथमिकता रहेगी।

# ब्रह्माकुमारी मुख्यालय में किसान सम्मेलन को किया संबोधित

# राजस्थान को आगे ले जाने की करूंगा कोशिश: किरोड़ी

**बेधड़क** | जयपुर

कृषि और ग्रामीण विकास विकास मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने इस्तीफा नहीं देने और काम करते रहने के संकेत दिए हैं। किरोड़ी ने कहा- मैं राजस्थान का मंत्री हूं, प्रदेश को कैसे आगे ले जाया जा सकता है। इस स्थान से प्रेरणा प्राप्त करके मैं राजस्थान को आगे ले जाने की कोशिश करूंगा।

किरोड़ीलाल मीणा सिरोही जिले में स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम के किसान सम्मेलन में बोल रहे थे। हालांकि मीडिया के इस्तीफे की पेशकश के सवाल पर किरोड़ी ने कहा- करते रहते हैं इस्तीफे तो, जो कह दिया वो करना पड़ेगा। किरोड़ीलाल मीणा ने कहा- मैं तो यह मानकर ही चलता हूं कि राजनीति अब सेवा का माध्यम नहीं रहा, यह उद्योग बन गया है। मेरे पास बहुत लोग आते हैं। हमारे कृषि विभाग में इतनी योजनाएं हैं, जिनमें सब्सिडी है। बीज निगम भी मेरे पास है, लेकिन हर मामले में घोटाला है। मैं जिस फाइल को निकालता हूं, वहीं घोटाला दिखता है। तीन अफसर तो ऐसे थे, जिन्होंने 20 साल से बीज निगम में जगह नहीं छोड़ी। तीन राज बदल गए। मैंने उनको हटा दिया तो भूचाल आ गया। डॉ. किरोड़ी ने कहा कि हम राजनीतिक जीवन में हैं। सामाजिक जीवन में जैसी चीज आती है, हमारे भी संस्कारों में फर्क पड़ता है। यहां आश्रम में दैनिक कार्यक्रम चलते हैं। ऐसे कार्यक्रम का प्रेजेंटेशन या तो यहां हो, नहीं तो जयपुर में विधानसभा में प्रवचन करवाएं। मैं स्पीकर साहब से बात करके यह चाहूंगा कि राजस्थान की विधानसभा में सेशन हो। सारे विधायकों और मंत्रियों और मुख्यमंत्री के साथ प्रवचन होना चाहिए। हमको भी संस्कार मिलेगा, हमको भी मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम जो योगदान गांव के विकास में देना चाहते हैं या देने जा रहे हैं, देश के लिए अपना सब कुछ अर्पण करना चाहते हैं, वह ईमानदारी से करें। क्योंकि मैं राजस्थान का मंत्री हूं। इस स्थान से प्रेरणा प्राप्त करके राजस्थान को आगे ले जाने की कोशिश करूंगा।

### हार-जीत पर मंथन जरूरी, कमी का पता चलना चाहिए



किरोड़ी मीणा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी राजस्थान से 14 सीट जीत गई। 240 सीटें हो गई और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बन गए। अब देश को फिर आर्थिक शक्ति में बढ़ाएंगे, सामरिक शक्ति में भी बढ़ावा करेंगे और देश को आगे ले जाएंगे। विपक्ष के सरकार नहीं चलने के बयान के सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकार दिल्ली में भी दौड़ेगी और राजस्थान में दौड़ ही रही है। प्रदेश कार्यालय में लोकसभा चुनाव में हार को लेकर चल रहे मंथन के सवाल पर किरोड़ी ने कहा कि हार-जीत के कारणों का पता चलना चाहिए। जानकारी तो मिले। इस्तीफे की पेशकश के सवाल पर किरोड़ी ने कहा- करते रहते हैं इस्तीफे तो, जो कह दिया वो करना पड़ेगा। गौरतलब है कि किरोड़ीलाल मीणा ने लोकसभा चुनावों के दौरान घोषणा की थी कि अगर भाजपा दौसा सीट नहीं जीती तो वे मंत्री पद छोड़ेंगे। इसके बाद उन्होंने कहा था कि पीएम ने उन्हें 7 सीटों की जिम्मेदारी दी है, अगर इन सीटों पर बीजेपी नहीं जीती तो वे मंत्री पद छोड़ देंगे। जब नतीजे बीजेपी के पक्ष में नहीं आए तो रिजल्ट वाले दिन ही किरोड़ीलाल मीणा ने सोशल मीडिया पर लिखा था- रघुकुल रीत सदा चली आई। इस ट्वीट से उन्होंने इस्तीफे के संकेत दिए थे।

### उधर राजेंद्र मीणा बोले- वे जो कहते हैं वो करते हैं

उधर दौसा के मेहंदीपुर बालाजी में रविवार को सपरिवार बालाजी दर्शन के लिए पहुंचे कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के भतीजे और महुवा विधायक राजेंद्र प्रधान ने कहा कि किरोड़ी लाल जो कहते हैं, उसे करते हैं। महुवा विधायक ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किरोड़ी मीणा को 7 सीटों की जिम्मेदारी दी थी। इसके लिए किरोड़ी लाल ने कहा था, "इन 7 सीटों में से एक भी भाजपा हार गई तो मैं इस्तीफा दे दूंगा।" ऐसे में प्राण जाए पर वचन ना जाए, इसकी पालना करने का उन्होंने संदेश दिया है। विधायक राजेंद्र प्रधान ने कहा कि आप सभी लोग धैर्य रखें। एक-दो दिन में किरोड़ी लाल मीणा उचित निर्णय लेकर जनता के बीच संदेश देंगे। लोकसभा चुनाव 2024 में दौसा सहित 11 सीटों पर बीजेपी की हार के बारे में विधायक ने कहा कि विपक्ष ने आमजनता को भ्रमित करने का काम किया था, जिसके कारण हमारी लोकसभा में हार हुई।

## रक्तदान व खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

# रक्तदाता समाज और मानवता का सच्चा सेवक: सहकारिता मंत्री



**बेधड़क** | जयपुर

सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि रक्तदान से अच्छी कोई जनसेवा नहीं है। जैसे वक्त का हर क्षण अमूल्य होता है उसी प्रकार रक्त का प्रत्येक हिस्सा अमूल्य होता है। उन्होंने कहा कि रक्तदाता समाज और मानवता का अप्रतीम और सच्चा सेवक है।

मंत्री दक ने रविवार को चित्तौडगढ़ जिले की ग्राम पंचायत महुडा के गांव उत्तरवाड़ा में श्रीसांवलियाजी हॉस्पिटल चित्तौडगढ़ के तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ महाराणा प्रताप की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि यह वैज्ञानिक रूप से प्रतिपादित है कि रक्तदान से रक्तदाता का स्वास्थ्य तो बेहतर होता ही है, साथ ही उसके रक्तदान से कई लोगों की जान बच सकती है। सहकारिता मंत्री ने आह्वान किया कि सभी स्वस्थ व्यक्तियों को रक्तदान करना चाहिए ताकि समाज को स्वस्थ बनाया जा सके। सहकारिता मंत्री ने रविवार को चित्तौडगढ़ जिला की ग्राम पंचायत अमीरामा के ग्राम मरावदिया स्थित बिरसा मुण्डा स्टेडियम में आयोजित की जा रही मालावत प्रीमियर लीग सीजन-8 का भी शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति के मानसिक, शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण हैं। खेल हमें स्वस्थ रखने के साथ समाज को एकजुट करने सहायक है। उन्होंने कहा कि सामूहिक खेलों से हम सभी में टीमवर्क का कौशल और नेतृत्व शक्ति प्राप्त होती है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि खेलों के आयोजन से समाज एक गतिशीलता का संचार होता है और खेल हमारे शरीर को मजबूत बनाने और हमारे जीवन में समन्वय और संतुलन करने में आवश्यक है।

## कृषि वैज्ञानिक ने बताए फसल से मुनाफे के तरीके

# उन्नत किस्म के बीज से बंपर पैदावार

**बेधड़क** | जयपुर

देश के कई राज्यों में मानसून पहुंच गया है, इसके साथ ही किसान खरीफ फसलों की बुआई के कार्यों में जुट गये हैं। ऐसे में किसान विभिन्न फसलों का अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकें इसके लिए उन्नत किस्मों के बीजों की व्यवस्था करने में लगे हुए हैं।

इस कड़ी में बाजरा मिलेट (मोटे अनाज) राजस्थान में सबसे व्यापक रूप से उगाई जाने वाली फसल है। राजस्थान राज्य में बाजरा खरीफ में उगाई जाने वाली प्रमुख फसल है जो की किसानों को पैदावार के साथ पशुओं के लिए चारे के लिए उगाई जाती है। कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर, जयपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एस.



के. शर्मा का कहना है कि बाजरे की खेती उन क्षेत्रों में भी की जा सकती है जहां मक्का, गेहूं तथा धान जैसी फसलें नहीं उगाई जाती है।

जयपुर जोन में भरतपुर, दौसा, अलवर, कोटपुटली, करौलीं, गंगापुर, टोंक आदि मुख्य जिलों में बाजरे की खेती की जाती है । उन्होंने बता कि बाजरा की उन्नत किस्में जैसे पी.एच.बी. 13, 14, 15, एचबी 146, पायोनियर 86 एम 94, 86 एम 90 आदि बाजरा की उन्नत किस्में हैं। वहीं राजस्थान के लिए बाजरा की उन्नत नई किस्में जिसमें एमपीएमएच-17, एचएचबी 67-2, संकर बाजरा 86 एम 94 शामिल है।

किसान इन किस्मों में से उपलब्धता के अनुसार किस्मों का चयन कर सकते हैं। इसके अलावा बाजरा की संकर प्रजातियां, उन्नत क्रिस्मों का चयन करके किसान भाई अधिक उपज एवं चारा प्राप्त कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि ज्यादा दिनों में पकने वाली किस्मों का चयन न करें, जिससे बाजरा समय से कट कर अगली फसल-सरसों के लिए प्रयाप्त समय मिल सके।

## सीएम भजनलाल के खिलाफ बयान पर BJP कार्यकर्ताओं में रोष

# पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी के विरोध में प्रदर्शन

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजस्थान के पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी के खिलाफ जैसलमेर शहर के हनुमान सर्किल पर जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया। सीएम भजनलाल शर्मा के खिलाफ आए उनके बयान के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने हेमाराम चौधरी से माफी मांगने की बात कही है।

दरअसल पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के बनाए 17 नए जिलों व 3 संभागों के गठन को लेकर वर्तमान भाजपा सरकार ने रिव्यू के आदेश दिए हैं। जिस पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हेमाराम चौधरी का सीएम भजनलाल शर्मा के खिलाफ आपत्तिजनक बयान सामने आया था। जिसके बाद हेमाराम के बयान पर भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। कांग्रेस नेता हेमाराम चौधरी ने यह बयान दो दिन पहले अपनी जैसलमेर यात्रा के दौरान दिया था। नवनिर्वाचित बाड़मेर-जैसलमेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल के सम्मान कार्यक्रम में वे भी जैसलमेर साथ आए थे। इस दौरान उन्होंने जिलों के व संभागों के बीजेपी द्वारा रिव्यू करने के सवाल पर एक बयान दिया था। जिसको लेकर आज भाजपा संगठन ने हनुमान सर्किल पर गांधी दर्शन के आगे विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि किसान का बेटा सीएम बन गया है। जिससे अब किसानों के ठेकेदार नेताओं के पेट में मरोड़े आने शुरू हो गए हैं। जैसलमेर में आकर इस तरीके के बयान से जैसलमेर बाड़मेर की अपणायत खत्म हो रही है। साथ ही हेमाराम चौधरी की इस अमर्यादित भाषा से भाजपा को ठेस लगी है। यदि समय रहते उन्होंने माफी नहीं मांगी, तो हेमाराम चौधरी के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शारदा, जिला मंत्री कवराजसिंह चौहान, सुशील व्यास, भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण पुरोहित, महेंद्र तंवर, नगर परिषद सभापति हरिवल्लभ कल्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## पानी-बिजली के छाए रहे मुद्दे, भाजपा-कांग्रेस सदस्य उलझे

# साधारण सभा में 412 करोड़ 61 लाख की कार्य योजना का अनुमोदन

**बेधड़क** | जयपुर

जैसलमेर जिले की पंचायत समिति के सभागार में हंगामे के बीच जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक का आयोजन हुआ। साधारण सभा की बैठक जिला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा क्षेत्र से सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल भी पहली बार शामिल हुए।

इस विशेष साधारण सभा में महात्मा गांधी नरेगा के पूरक वार्षिक प्लान 2024-25 की विस्तार से समीक्षा की और 8 हजार 615 कार्यों के लिए 412 करोड़ 61 लाख की कार्य योजना का सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया। इसमें विशेष रूप से वृक्षारोपण के 4 हजार 121 कार्यों का अनुमोदन किया गया। बैठक में सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा, मनरेगा, अवैध खनन, जल जीवन मिशन, एग्रीकल्चर, फॉरेस्ट सहित कई मुद्दों पर जिला परिषद सदस्यों ने कहा कि अधिकारी उनके क्षेत्र में विकास के काम नहीं हो रहे हैं। जन प्रतिनिधियों और जिला परिषद सदस्यों ने जन समस्याओं को लेकर बिजली विभाग की जमकर खिंचाई की। पूर्व जिला प्रमुख और जिला परिषद सदस्य अंजना मेघवाल और अब्दुला फकीर ने जमकर अधिकारियों पर बैठक में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए।

सदन में आज बिजली-पानी का मुद्दा सबसे अधिक छाया रहा। वहीं, भाजपा और कांग्रेस दोनों के सदस्य आपस में उलझते हुए नजर आए। इस बीच जिला कलेक्टर सहित अन्य कई विभागों के अधिकारी की बैठक में अनुपस्थिति को लेकर भी सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की।



### सांसद ने दिए ये आदेश

बैठक के दौरान सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे टीम भावना से कार्य कर जिले के चहुमुखी विकास में अपनी अहम भूमिका अदा करें और इसमें जनप्रतिनिधियों का पूरा सहयोग लें। उन्होंने विशेष रूप से पानी और बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र में समय पर लोगों को पीने का पानी मिले और बिजली सप्लाई सुचारू रूप से मिले, इस पर विशेष फोकस रखें और तत्परता से विभागीय कार्यों को सम्पादित करें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य में भी पूर्ण पारदर्शिता रखते हुए यह सुनिश्चित करें कि कोई भी घर नल कनेक्शन से वंचित नहीं रहे।

### पानी-बिजली को दें प्राथमिकता

सांसद उम्मेदाराम ने ग्रामीण क्षेत्रों में बनाई जा रही डामर से सड़कों की गुणवत्ता पर भी ध्यान रखने के निर्देश दिए। बैठक में जिला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों की ओर से पानी और बिजली के साथ ही आमजन से जुड़ी समस्याओं के संबंध में जो भी समस्या बताई जाती है, उसका प्राथमिकता से निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि वे जनप्रतिनिधियों से समन्वय रखते हुए विकास कार्यों को पूरा करें। साथ ही आमजन की समस्या को धैर्य से सुनकर उनका समाधान करें।

## जरूरी खबर

### राज्य ओलम्पिक-संघ में निर्विरोध निर्वाचन तय




**जयपुर।** राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ के निर्वाचन अधिकारी व सेवानिवृत आरएएस राधेश्याम ने रविवार को बताया कि सभी पदों पर एक-एक उम्मीदवार का नामांकन आया था। इसके कारण से किसी भी पद पर गुप्त मतदान की आवश्यकता नहीं रही। नाम वापसी की अंतिम तिथि के बाद उक्त उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। राधेश्याम ने बताया कि राजस्थान राज्य ओलिंपिक संघ की वार्षिक साधारण सभा की बैठक 23 जून को है, इसलिए उस दिन सदन में सभी सदस्यों के समक्ष निर्विरोध निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की जाएगी। हालांकि, अनिल व्यास अध्यक्ष, मनमोहन जायसवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष और रामावतार सिंह जाखड़ महासचिव होंगे।

### आतंकी हमले के विरोध में निकाला पैदल मार्च

**जयपुर।** जम्मू कश्मीर में श्रद्धालुओं की बस पर हुए आतंकी हमले के विरोध में युवा शक्ति मंच राजस्थान की तरफ से चौगान स्टेडियम से छोटी चौपड़ तक पैदल मार्च निकाला गया। मंच ने भारत से आतंकवाद खत्म करने और पीड़ित परिवार को न्याय देने की मांग की। युवा शक्ति मंच राजस्थान के प्रदेश संयोजक सुनील सिंह ने कहा कि कश्मीर की समस्या का समाधान होना चाहिए। गौरतलब है कि गत रविवार शाम को रियासी के पोनी क्षेत्र के तेरयाथ गांव के पास आतंकवादियों ने 53 सीटों वाली बस पर गोलीबारी की, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई और 41 अन्य घायल हो गए। यह बस शिव खोरी से माता वैष्णो देवी मंदिर जा रही थी। इसमें जयपुर के पवन सैनी और परिवार के चार सदस्यों की मौत हुई थी और एक मेंबर घायल हुआ था।

## दिल्ली रोड पर सजी बकरा मंडी.... ईद उल अजहा आज, दी जाएगी कुर्बानी



*जयपुर। प्रदेश में सोमवार को ईद उल अजहा (बकरीद) मनाया जाएगा। इस दिन सुबह नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोग बकरे की कुर्बानी देते हैं। इसके चलते रविवार को दिल्ली रोड पर बकरा मंडी लगाई गई। जयपुर स्थित जामा मस्जिद में सुबह 6:15 बजे बकरा ईद की नमाज अदा की जाएगी। चीफ काजी खालिद उस्मानी ने जानकारी दी कि सुबह 7:45 पर दिल्ली रोड स्थित ईदगाह पर बकरा ईद की नमाज अदा की जाएगी।*

फोटो: पंकज शर्मा

## राज्यपाल ने दिए 'वृक्ष मित्र सम्मान', परिंडा अभियान किया शुरू

# प्रकृति के आंतरिक संतुलन को छेड़े बगैर हो विकास: कलराज

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि प्रकृति और पर्यावरण की भारतीय संस्कृति का संरक्षण जरूरी है। उन्होंने अधिकाधिक पेड़ लगाए जाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रकृति के आंतरिक संतुलन को क्षति पहुंचाए बगैर विकास की सोच को मूर्त रूप दें।

इस दौरान राज्यपाल ने यह भी कहा कि वृक्ष एवं वनस्पतियां भूमि को उन्नत और उर्वरा ही नहीं बनाते बल्कि सबका भरण पोषण भी करते हैं। मिश्र रविवार को श्री कल्पतरू संस्थान द्वारा आयोजित 'वृक्ष मित्र सम्मान समारोह' में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संस्थान की ओर से वृक्ष मित्र के रूप में सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक सम्मान के रूप में प्रतिदिन एक पौधा लगाकर उसे संरक्षित करने वाली उमा व्यास को सम्मानित किया। उन्होंने वृक्ष मित्र के रूप में पर्यावरण कार्यकर्ता केपी कनाल, अशोक थोरात, गौतमराज शर्मा, श्रीमती रेणु राष्ट्रदीप, संदीप, उषा, अंजू चौधरी, ऋषि, रितेश दुबे को सम्मानित किया। उन्होंने वहीं परिंदो के लिए परिंडा अभियान की भी शुरुआत की।




### पेड़ लगाने और उनके संरक्षण पर जोर

मिश्र ने कहा कि भारतीय सनातन दृष्टि प्रकृति पूजक रही है। इसके पीछे बड़ा वैज्ञानिक तथ्य यही है कि पारिस्थितिकी संतुलन बना रहे। उन्होंने राजस्थान में खेजड़ली में शमी वृक्ष 'खेजड़ी' के लिए किए गए बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि हमारे यहां पेड़ बचाने के लिए लोगों ने अपनी जान की भी परवाह नहीं की है। उन्होंने प्रकृति के पंचभूत तत्वों का उल्लेख करते हुए पेड़ लगाने और उनके संरक्षण के लिए भी सभी को कार्य करने पर जोर दिया।

### जयपुर एनवायर्नमेंट फेस्टिवल के पोस्टर का विमोचन

राज्यपाल ने पेड़ों को धरती का श्रृंगार बताते हुए हरी-भरी धरा के लिए सबको मिलकर कार्य करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि इतने पेड़ लगे कि पर्यावरण का अपने आप संरक्षण हो। अधिक से अधिक लोग वृक्ष मित्र बनें। इससे पहले श्री कल्पतरु संस्थान के 'ट्री मैन ऑफ इण्डिया' के रूप में चर्चित विष्णु लाम्बा ने संस्थान की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राज्यपाल ने जयपुर एनवायर्नमेंट फेस्टिवल-प्री लांचिंग के पोस्टर का विमोचन किया। आरंभ में उन्होंने संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया।

## गंगा दशमी महोत्सव मनाया

# श्री गलता पीठ में सतयुगीन गालव गंगा की महाआरती



फोटो: राजेश कुमावत

**बेधड़क** | जयपुर

उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि मठ श्री गलता जी में गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य के सान्निध्य में रविवार को गंगा दशमी महोत्सव मनाया गया। श्री गलता पीठ के युवाचार्य स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि इस अवसर पर प्रातः श्री गलता जी स्थित पवित्र गोमुख का पूजन किया गया।

सायंकाल 6:00 बजे गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गलता जी में सतयुग से महर्षि गालव के तपोबल से प्रकट एवं अनवरत प्रवाहित होने वाली गालव गंगा की सामूहिक महाआरती की गई। इस अवसर पर गालव गंगा को चुनरी व फलों से सुसज्जित किया गया।

चुनरी महोत्सव में बिहारी जी मंदिर के महंत नरेन्द्र महाराज, सचिन, प्रवीण एवं उनके शिष्यों- सहयोगियों का विशेष सहयोग रहा।

## घी वालों का रास्ता में वाटर कूलर लगाए



**जयपुर।** घी वालों का रास्ता में व्यापार संघ एवं भामाशाहों के सहयोग से गंगा दशमी के पावन पर्व पर दो वाटर लगाए गए। वाटर कूलर का उद्घाटन पार्षद कुसुम यादव और पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव ने फीता काटकर किया। व्यापार संघ के पदाधिकारी ने पार्षद कुसुम यादव और पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव का माला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। व्यापार संघ के अध्यक्ष नीरज लुहाड़िया ने बताया कि एक वाटर कूलर रमेश और अनिल अग्रवाल के माता-पिता की पुण्य स्मृति और दूसरा वाटर कूलर गोविंद सोनी और व्यापारियों के सहयोग से भेंट किया गया। व्यापार संघ के सभी सदस्यों ने जनप्रतिनिधियों और भामाशाहों का इस पुनीत कार्य के लिय धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान रमेश अग्रवाल अनिल अग्रवाल गोविंद सोनी कुंदन लाल पठानी भवानी संजय भूषण नरेंद्र अक्षय यादव राहुल द्विवेदी झाबक सहित व्यापारी बंधु और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ऑप्टिशियंस एसोसिएशन की वार्षिक साधारण सभा

# व्यापारियों ने लगाई नए उत्पादों की स्टाल

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर जिला ऑप्टिशियंस एसोसिएशंस की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एक होटल में आयोजित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राधेश्याम गढ़वाल, महामंत्री राकेश राव, उपाध्यक्ष सुभाष भारती ,शिखा शर्मा ,जॉइंट सेक्रेटरी पंकज मिश्रा, मुकेश हल्दुनिया व कार्यकारिणी को हवामहल विधानसभा क्षेत्र से विधायक बालमुकुंदचार्य, भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक रवि नैयर और जयपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ. ललित सिंह सांचौरा ने शपथ दिलवाई। सहसचिव पंकज मिश्रा ने बताया कि इस अवसर पर वार्षिक साधारण सभा का भी आयोजन किया गया। जयपुर के होलसेल व्यापारियों के समूह ने इस अवसर पर अपने नवीनतम उत्पादों को स्टॉल लगाकर व्यापारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। 250 से अधिक व्यापारियों ने नवीनतम उत्पादकों को देखकर व्यापार में परिवर्तन लाने का मानस मनाया। व्यापारियों ने अपने ग्राहकों को नवीनतम उत्पादन कम लागत मूल्य पर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया, जिससे व्यापार में उन्नति के अवसर उत्पन्न हो एवं ग्राहकों को कम दाम पर अच्छे माल की उपलब्धता हो।



### सियाराम जी ने किया नौका विहार



**जयपुर।** खोले के हनुमान मंदिर के शिखर पर स्थित श्री सियाराम भगवान ने रविवार को नौका विहार किया। वहीं, गंगामाता का 16वां पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि सुबह 5:30 बजे गंगामाता का सरयु व पुष्कर के जल से महास्नान किया गया। इसके बाद 108 औषधि युक्त जल से अभिषेक कराया गया।

## पीएमएआर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

# राजस्थान में प्लास्टिक री-साइकिलिंग जोन की जरूरत: श्रवण शर्मा

**बेधड़क** | जयपुर

प्लास्टिक मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन राजस्थान (पीएमएआर) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रवण शर्मा ने कहा कि राजस्थान में प्लास्टिक रि-साइकिलिंग जोन और इंजीनियरिंग प्लास्टिक के विकास की आवश्यकता है।

सरकार यदि जमीन मुहैया कराए तो पीएमएआर एसोसिएशन भवन के साथ प्लास्टिक रिसर्च और स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोलकर प्रदेश के युवाओं को प्लास्टिक इंडस्ट्री में कैरिअर बनाने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। शर्मा पीएमएआर एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में अपनी बात रख रहे थे। इसमें बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया, राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी, विधायक गोपाल शर्मा, बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, बीजेपी नेता पवन शर्मा, सिपेट हेड संजय चौधरी, संयुक्त निदेशक हॉर्टिकल्चर राजेंद्र खींचड़, नेशनल टेस्ट हाउस से अमित कुमार, पीएमएआर के पूर्व अध्यक्ष सुमेर सिंह शेखावत ने भाग लिया। सतीश पूनिया ने अध्यक्ष श्रवण शर्मा के नेतृत्व में पीएमएआर की नई कार्यकारिणी को पद की शपथ दिलाई।




### कार्यकारिणी का निर्विरोध चुनाव

पीएमएआर के द्विवार्षिक चुनाव में श्रवण शर्मा अध्यक्ष, तोलाराम गट्टानी महासचिव, विक्रम वैद वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संजय सक्सेना उपाध्यक्ष, संजय कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष और संयुक्त सचिव पद पर अनुज जैन के साथ 15 सदस्यीय कार्यकारिणी का निर्विरोध चुनाव हुआ। गौरतलब है कि राजस्थान में 15 हजार करोड़ का प्लास्टिक उद्योग है, जिसमें 5 लाख लोगों को रोजगार मिलता है। राजस्थान के सबसे बड़े उद्योग को पीएमएआर के माध्यम से संगठित किया जाता है।

### प्लास्टिक उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं

सतीश पूनिया ने कहा कि प्लास्टिक की समाज में स्वीकार्यता जाहिर है, लेकिन पर्यावरण की चुनौती को भी ध्यान में रखना जरूरी है। राजस्व मंत्री विजय चौधरी ने प्रदेश में प्लास्टिक उद्योग के विकास के लिए सरकार की ओर से पूरा सहयोग देने का वादा किया। विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में प्लास्टिक उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं हैं। अगले 5 साल में राजस्थान में प्लास्टिक इंडस्ट्री 2 लाख करोड़ के पार पहुंचनी चाहिए। महासचिव तोलाराम गट्टानी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पीएमएआर के सभी पूर्व अध्यक्षों का भी सम्मान किया गया।

## जरूरी खबर

### सलमान को धमकी देने के मामले में एक गिरफ्तार



**बूंदी।** मुंबई की क्राइम ब्रांच टीम ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने के मामले में हिंडौली से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी हिंडौली इलाके में बोरदा गांव निवासी बनवारीलाल लटूरलाल गुर्जर है, जो लॉरेंस विश्नोई गैंग से प्रभावित है। पुलिस फिलहाल उसे मुंबई लेकर गई है, जहां आरोपी से पूछताछ की जाएगी। उसने पिछले दिनों एक यूट्यूब चैनल पर लॉरेंस विश्नोई गैंग की चर्चा करते हुए सलमान खान की हत्या की योजना का जिक्र किया था।

### एक दर्जन दुकानों के छज्जे तोड़कर भागे बदमाश

**उदयपुर।** शहर के सूरजपोल क्षेत्र में टाटा मोटर्स के सामने स्थित एक शॉपिंग सेंटर में शनिवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने पोकलैंड मशीन से करीब दर्जन भर दुकानों के बाहर के छज्जे गिरा दिए और शटर तोड़ डाले। घटनास्थल के पास स्थित रैगर कॉलोनी के लोगों के शोर मचा देने से बदमाश बौखलाकर बिजली विभाग का खंभा तोड़कर भाग गए। क्षतिग्रस्त दुकान नंदू ट्रेवल्स के मालिक राकेश जोशी ने बताया कि देर रात बदमाशों ने पोकलैंड मशीन से दुकानों के अगले हिस्से तोड़ दिए। जोशी ने बताया कि दुकानों का मालिक राकेश साहू किराएदारों को डरा-धमकाकर बेदखल करने का प्रयास कर रहा है।

### तीन वाहन चोर पकड़े, गाड़ियां नूंह ले जाकर बेचते थे



**अलवर।** शहर कोतवाली थाना पुलिस ने एक वाहन चोर गिरोह को पकड़ा है। ये गिरोह नूंह मेवात से अलवर आकर वाहनों को चोरी कर फरार हो जाते थे। पुलिस ने ईको वैन के साथ चोरों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली थाना के एएसआई कन्हैयालाल ने बताया कि शौकीन उर्फ डब्बू निवासी बुबलहेड़ी पिनंगवा नूंह मेवात, वसीम मेव निवासी पिनंगवा नूंह, अभिषेक निवासी पिनंगवा नूंह मेवात को गिरफ्तार किया है। ये तीनों चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। आरोपी अलवर से वाहन चोरी कर नूंह ले जा कर वहां सस्ते दामों में बेच देते थे। बरामद की गई इको वैन कार विकास पथ से पांच जून की रात को चोरी हुई थी। अन्य चोरी की वारदात का भी खुलासा हो सकता है।

---

गंगा दशमी के पर्व पर पूजा-अर्चना एवं दान-पुण्य की बही बयार

# माता गंगा के गूंजे जयकारे... तीर्थजल में स्नान का चला दौर

**बेधड़क** | धौलपुर

गंगा दशहरा के मौके पर प्रदेश के तीर्थस्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। धौलपुर जिले में गंगा दशहरा के पर्व पर धार्मिक स्थलों पर आस्था का सैलाब उमड़ा। गंगा दशहरा का पर्व श्रद्धालुओं ने आस्था और श्रद्धापूर्वक मनाया।

जिले के ऐतिहासिक तीर्थराज मचकुंड पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं ने सुबह से ही तीर्थराज मचकुंड के सरोवर पर आस्था पूर्वक स्नान किया। विधि विधान से पूजा-अर्चना कर दान पुण्य किया। तीर्थराज मचकुण्ड पर पहुंचे



श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारकर सुख समृद्धि एवं मोक्ष की कामना की।

तीर्थराज मचकुंड के महंत कृष्णदास ने बताया कि हिंदू धर्म में गंगा दशहरा का विशेष महत्व होता है। गंगा दशहरा के दिन विधि विधान से मां गंगा की पूजा अर्चना की जाती है। हर साल जेष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर दशहरा का पावन पर्व मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता के मुताबिक इस दिन मां गंगा मैया स्वर्ग से पृथ्वी पर आई थीं। मां गंगा के आशीर्वाद से मानव जाति के समूचे पापों का विनाश होता है। गंगा दशहरा के दिन गंगा नदी में स्नान करने संपूर्ण पापों का विनाश होता है।

गंगा दशहरा के दिन शहर भर में श्रद्धालुओं में भारी आस्था और उमंग देखी गई। जिले भर के धार्मिक स्थलों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। सनातन धर्म के लोगों ने दान पुण्य कर पुण्य प्राप्त किया है।

तीर्थराज मचकुंड पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखते हुए चौकी इंचार्ज कृष्णअवतार के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया।

### पुष्कर सरोवर पर भी उमड़ी आस्था

गंगा दशहरा के मौके पर प्रश्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। तीर्थजल में स्नान के लिए श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचे। दोपहर बाद तक तीर्थस्थलों पर श्रद्धालुओं की चहल-पहल बनी रही। धार्मिकजनों ने तीर्थजल में स्नान कर मां गंगा के जयकारे लगाए। वहीं पितरों की आत्मशांति के लिए जलांजलि, तीर्थपूजा कर जरूरतमंदों को दान किया। पुष्कर सरोवर पर भी रविवार को गंगा दशहरा के मौके पर श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ी नजर आई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पुष्कर सरोवर में डुबकी लगाकर अपने पूर्वजों का तर्पण आदि किया। सरोवर में स्नाने पूजा आदि के बाद श्रद्धालुओं ने जगतपिता ब्रह्माजी को भी ढोक लगाई।

### फल सत्तू एवं धन के दान का विशेष महत्व

महंत कृष्णदास ने बताया गंगा दशहरा के दिन सनातन धर्म के लोगों को दान करना चाहिए। दान करने से परिवार में सुख समृद्धि एवं धन की वृद्धि होती है। उन्होंने बताया गंगा दशहरा के दिन फल, सत्तू एवं धन जरूरतमंद लोगों को अवश्य दान करना चाहिए। इसके अलावा वस्त्र भी दान कर सकते हैं। धार्मिक ग्रंथों में दान का विशेष महत्व बताया गया है। जरूरतमंद और अभावग्रस्त लोगों को ध्यान करने से मां गंगा मैया प्रसन्न होती हैं। मानव के पाप भी नष्ट हो जाते हैं।

---

जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई थी हिंसक झड़प

# समझाइश के लिए पहुंची पुलिस पर भी आरोपियों ने किया पथराव

■ घटना में सात पुलिसकर्मी और कई ग्रामीण हुए घायल

**बेधड़क** | दौसा

जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र स्थित रेटा गांव की खारवाल ढाणी में रविवार को दो पक्षों में जमीन विवाद को लेकर हिंसक झड़प हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस पर एक पक्ष ने पथराव कर दिया। इस घटना में 7 पुलिसकर्मी जख्मी हो गए, जिन्हें सिकंदरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पथराव की घटना में कुछ ग्रामीणों को भी चोट आई है। इधर, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार महिला सहित कुल 7 आरोपियों को हिरासत में लिया है।

थाना प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि सिकंदरा थाना क्षेत्र के रेटा गांव की खारवाल ढाणी में दो पक्षों के बीच जमीन विवाद हो गया था। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, जहां आरोपियों ने पहले छत से पत्थर शुरू कर दिया तो वहीं, महिलाएं पुलिसकर्मियों से उलझ गईं। हालांकि, इस बीच पुलिस ने मामले को शांत कराने की पूरी कोशिश की, लेकिन एक पक्ष के लोग किसी भी सूरत में कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। इस दौरान मकान की छत से एक पक्ष की महिलाएं और पुरुषों ने पथराव शुरू कर दिया, जिसके बाद पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ी और मौके से चार महिलाओं समेत कुल सात आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि महिलाएं उनसे भी उलझती गई, जिसके बाद उन्होंने किसी तरह से महिलाओं को खुद से दूर किया, लेकिन कुछ महिलाओं और युवतियों ने उनका गिरेबान पकड़ लिया।



### एक पक्ष के लोगों ने जताया था विरोध

थाना क्षेत्र की खारवाल ढाणी में पिछले काफी समय से एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसके चलते एक पक्ष के लोग तीन बार पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध जता चुके हैं। साथ ही मामला उच्चाधिकारियों तक भी पहुंचा, लेकिन मामले का अभी तक कोई हल नहीं हो सका है, जिसके चलते रविवार को एक बार फिर से विवाद हो गया।

### ये पुलिसकर्मी पथराव में हुए जख्मी

आरोपियों की ओर से छत से किए पथराव के दौरान सात पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। वहीं गांव में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। लोग बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे। वहीं पथराव में पुलिसकमिर्यो ने भी इधर-उधर भागकर अपना बचाव किया। पथराव की घटना में थाना प्रभारी महावीर सिंह, दुब्बी चौकी प्रभारी मुकेश गुर्जर सहित करीब 7 पुलिसकर्मियों के चोट आई, जिन्हें उपचार के लिए सिकंदरा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### 7 आरोपी हिरासत में

थाना प्रभारी ने बताया कि पथराव में 7 पुलिसकर्मियों को चोट आई है। वहीं, मामले में कार्रवाई करते हुए मौके से 4 महिलाओं सहित सात लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनकी निशानदेही पर पथराव करने वाले अन्य लोगों को भी पकड़ा जाएगा। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जाएगी। इसके आधार पर अन्य आरोपियों को दबोचा जाएगा।

---

मुख्यमंत्री ने किया अभिनंदन

# महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने किया 15 कन्याओं का कन्यादान



**बेधड़क** | ब्यावर

सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव समारोह समिति द्वारा ब्यावर में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें धूमधाम से 15 जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार किया गया।

समारोह में मेहंदीपुर बालाजी धाम के महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने नव विवाहित जोड़ों को सोने की चैन, अंगूठी और सिलाई मशीन भेंट की। कार्यक्रम में सीएम भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। वहीं आरएसएस राजस्थान के क्षेत्रप्रचारक निंबाराम, विहिप के केंद्रीय मंत्री उमाशंकर शर्मा, केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, सुरेश सिंह रावत, विधायक शंकर सिंह रावत, हरि सिंह रावत भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर महंत डॉ. नरेशपुरी को मुख्यमंत्री भजन लाला शर्मा एवं विश्व हिंदू परिषद की ओर से सामजिक सरोकारों के कार्यों के लिए अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री उमाशंकर ने कहा कि बालाजी ट्रस्ट ने हमेशा धर्म के कार्यों के लिए सैदव तत्पर रहा हैं। ट्रस्ट ने राममंदिर अयोध्या के लिए बड़ा सहयोग किया है, जिसमे 51 हजार किलो लड्डू प्रसादी, साधु संतो को 7000 कंबल और 1 माह तक अक्षय भंडारे जैसे कार्य अभिनंदनीय है।

संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम ने मेहंदीपुर बालाजी धाम के कार्यों की सराहना की। महंत महाराज ने सभी नव विवाहित जोड़ों को शुभाशीर्वाद दिया और उनके खुशहाल जीवन की कामना की। उन्होंने कहा की इस प्रकार के आयोजन से सामजिक समरसता बढ़ती है।

---


सुबह 7.45 बजे ईदगाह मस्जिद में होगी नमाज

# अल्लाह की राह में कुर्बानी का पर्व आज

**बेधड़क** | चाकसू

कस्बे में ईदुलजुहा पर्व सोमवार को मनाया जाएगा। इसके लिए मुस्लिम भाई तैयारियों में जुटे रहे। बाजार में खरीद -फरोख्त के लिए लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। मुस्लिम वक्फ के अध्यक्ष अब्दुल हमीद खोखर के अनुसार ईदगाह मस्जिद में ईदुलजुहा की नमाज सुबह 7 बजकर 45 मिनट व दरगाह शाह जलाल मस्जिद पर 8 बजे अदा की जाएगी।

गौरतलब है इस बार बकरों के दामों में ओर साल की भांति भारी गिरावट देखी गई। 25 किलो वजनी बकरा 18 हजार से लेकर 20 हजार में बिक रहे है। कम दाम मिलने से बकरे पालक



मायूस दिखाई दिए। बकरा पालक शरफुद्दीन, जावेद खान, इस्लाम भाई ने बताया कि जिस बकरे के पालने में हमारे 40 हजार खर्च हुए वह बकरे 25 हजार में बिके। जिससे हमें मुनाफा तो दूर उनकी लागत भी नही मिली। वहीं बकरों की रेट कम होने से खरीददारों में ज्यादा उत्साह है। उन्हें इस बार कम बजट में अच्छे वजन के बकरे मिल गए।

कई लोगो ने कम दामों की वजह से एक की जगह 2 से तीन बकरे खरीदे हैं। ईदुलजुहा का पर्व तीन दिन तक चलेगा। इसलिए घरों में बकरों व दुम्भों की कुर्बानी 17 जून से 19 जून तक चलेगी। वहीं सामूहिक कुर्बानी भी की जाएगी।

क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था के लिए चाकसू एसीपी सुरेंद्र सिंह व थाना प्रभारी कैलाश दान सीएलजी की बैठक ले चुके हैं और पुलिस लाइन से अतिरिक्त जाब्ता जगह-जगह तैनात कर दिया गया है।

---

साउंड सिस्टम की आवाज में सुनाई नहीं दी रेल की सीटी

# पति-पत्नी व साली आए ट्रेन की चपेट में... मौत

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

जिले में एक बड़ा ट्रेन हादसा सामने आया है, जहां रेलवे पटरी पार करते दंपती सहित तीन लोग ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शख्स ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। दंपती की रविवार को अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

मृतकों में एक महिला अहमदाबाद की रहने वाली थी, जिसका शव लेकर परिजन अहमदाबाद रवाना हो गए। निंबाहेड़ा कोतवाली थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक राम सुमेर मीणा ने



बताया कि मोची मोहल्ले में रहने वाले 50 वर्षीय मोहनलाल धोबी के बड़े भाई ने शनिवार रात पटरी के दूसरे छोर पर भेरूजी मंदिर पर रात्रि जागरण का कार्यक्रम रखा गया था। मोहनलाल अपनी पत्नी 45 वर्षीय ललिता और साली 40 वर्षीय जयश्री के साथ रात्रि जागरण में शामिल होने के लिए जा रहे थे। तीनों ही अंडरपास की बजाय सीधे ही पटरी क्रॉस कर भेरूजी मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान चित्तौड़गढ़ की ओर जा रही बांद्रा-अजमेर एक्सप्रेस आ गई। हालांकि, कुछ लोगों ने उन्हें आवाज लगाकर बताने की कोशिश कि, लेकिन साउंड सिस्टम की तेज आवाज के चलते वो लोग आवाज सुन नहीं पाए और ट्रेन की चपेट में आ गए।

थाना प्रभारी के अनुसार दुर्घटना में ललिता के हाथ पैर अलग हो गए। वहीं, उसकी बहन की भी मौके पर मौत हो गई, जबकि घायल हालत में मोहनलाल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आज सुबह तीनों के पोस्टमार्टम करवाकर शव परजिनों को सौंप दिए।

---

राज्यमंत्री विजय सिंह चौहान ने किया शुभारंभ

# महिला अपराधों पर कसेगी लगाम, जिले को महिला थाने की सौगात

**बेधड़क** | कुचामनसिटी

डीडवाना जिले की स्थापना के करीब एक साल बाद रविवार को जिला मुख्यालय को महिला थाना की सौगात मिली। आज हुए कार्यक्रम में इस महिला थाने का राजस्व, उपनिवेशन और सैनिक कल्याण मंत्री विजय सिंह चौधरी ने विधिवत रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस मौके पर जिला कलेक्टर बाल मुकुंद असावा, पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीना, भाजपा नेता जितेंद्र सिंह जोधा, नागौरिया मठ के मठाधीश स्वामी विष्णु प्रपन्नाचार्य महाराजा, शहरकाजी रेहान उस्मानी व अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस महिला थाने का क्षेत्राधिकार डीडवाना, मौलासर और खुनखुना थाना क्षेत्र तक होगा। यानी महिलाओं की एक बड़ी आबादी की यहां सुनवाई होगी। उन्होंने कहा कि नव स्थापित 17 जिलों में से डीडवाना पहला जिला है, जहां महिला थाना प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि यह पुलिस थाना पूरी तरह से महिलाओं को समर्पित होगा। हमारी कोशिश रहेगी कि महिलाओं से जुड़े हर अपराध की सघनता और तत्परता से जांच की जाए और महिला अपराधों को रोकने की दिशा में तुरंत प्रभाव से काम किया जाए। महिलाओं को न्याय दिलाना और उनका सशक्तिकरण करते हुए उन्हें कानून में दिए गए सभी अधिकारों को प्रदान करना हमारा उद्देश्य होगा।



### महिला सुरक्षा को मिलेगी मजबूती

वहीं मंत्री विजय सिंह चौधरी ने कहा कि इस महिला थाने में महिलाओं की समस्याओं एवं महिला से संबंधित आपराधिक मामलों की सुनवाई की जाएगी। इससे महिलाओं की सुरक्षा मजबूत हो सकेगी। इस थाने में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, पारिवारिक विवाद और अन्य संबंधित मामलों का भी समाधान होगा। इससे महिला अपराधों को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं की सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लगातार काम कर रहे हैं। महिला थाना भी महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक कदम है।

### अपराधों को लेकर सरकार संवेदनशील

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र प्रसाद मीणा से महिला थाने की पूरी व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के लिए निर्देशित भी किया। मंच पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को लेकर राज्य सरकार बहुत संवेदनशील है। आए दिन महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, बलात्कार जैसी घटनाएं होती हैं। इन घटनाओं में महिलाएं अपनी बात पुरुष पुलिस अधिकारियों के सामने सही ढंग से नहीं रख पाती हैं। कई महिलाएं तो पुलिस की कार्रवाई से डरकर रिपोर्ट लिखाने ही नहीं जाती हैं। ऐसे में महिला थाना उनकी मदद के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यहां महिलाएं अपने साथ घटित घटना को खुलकर सामने रख सकेंगी।

### ये दो सौगातें और मिलीं

कुचामन को दो और सौगातें मिली है। इसके तहत डायलिसिस यूनिट व वृद्धजन वार्ड रामाश्रय का लोकार्पण किया गया। नागौर व डीडवाना कुचामन जिले का पहला राजकीय जिला चिकित्सालय कुचामन सिटी में राज्यमंत्री विजय सिंह चौधरी ने हीमोडायलिसिस यूनिट एवं मुख्यमंत्री की फ्लैगशिप योजना रामाश्रय वार्ड का लोकार्पण किया।

### सामुदायिक भवन में क्यों खोला थाना: खान



**डीडवाना।** जिला मुख्यालय पर रविवार को महिला पुलिस थाना का उद्घाटन किया गया, जिसमें डीडवाना विधायक यूनुस खान नदारद रहे, जो अब चर्चा का विषय बना हुआ है। इसको लेकर विधायक यूनुस खान ने बताया कि उन्हें इस कार्यक्रम का निमंत्रण नहीं मिला था, जबकि वे डीडवाना विधायक हैं। वहीं, मीडियाकर्मियों से रूबरू हुए विधायक यूनुस खान ने सामुदायिक भवन में महिला पुलिस थाना खोलने का विरोध किया। युनूस खान ने कहा कि जब डीडवाना में सरकारी भूमि और कई सरकारी भवन मौजूद हैं तो फिर समुदायिक भवन में महिला थाना क्यों खोला गया? उन्होंने कहा कि एक ओर राज्य सरकार का कहना है कि उनके पास फंड की कोई कमी नहीं है तो फिर महिला थाना के लिए नया भवन क्यों नहीं बनाया गया? विधायक ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद पहली बार डीडवाना में कोई उद्घाटन हुआ है, लेकिन वो भी पहले से निर्मित सामुदायिक भवन में किया गया।

## NEET UG 2024 एग्जाम विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने माना हुई गड़बड़ी

# NTA में होगा सुधार, दंड पाएंगे गुनहगार: प्रधान

**बेधड़क** | नई दिल्ली

नीट यूजी परीक्षा संबंधी विवाद को लेकर देशभर में परीक्षार्थियों का विरोध प्रदर्शन जारी है। एनएसयूआई ने शनिवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास पर प्रदर्शन किया। इस बीच शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को माना है कि NTA की तरफ से कुछ गड़बड़ियां हुई हैं। NTA में सुधार की जरूरत है।

उन्होंने कहा है कि जो लोग इस गड़बड़ी में शामिल पाए जाएंगे होंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वो कोई बड़ा अधिकारी भी क्यों न हो। शिक्षा मंत्री ने ओडिशा के संबलपुर में मीडिया से बात करते हुए कहा, 'NEET एग्जाम में दो प्रकार की समस्याओं की जानकारी सामने आई है। शुरुआत में 1563 स्टूडेंट्स को टेस्ट सेंटर पर कम समय मिलने की वजह से ग्रेस मार्क्स दिए गए थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक अब इन कैंडिडेट्स के लिए 23 जून को दोबारा एग्जाम कंडक्ट कराया जाएगा।'

### ■ ओडिशा के संबलपुर में शिक्षा मंत्री ने कहा- सरकार इस मामले में गंभीर


@ संबलपुर

**NSUI का शिक्षा मंत्री के आवास पर प्रदर्शन**

दिल्ली में शनिवार को शिक्षा मंत्री के आवास के बाहर नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (NSUI) ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) के नेशनल सेक्रेटरी वीरेंद्र सोलंकी ने धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की और NEET UG पेपर लीक मामले की CBI जांच की मांग की।

### छात्रों की समस्याओं को लेकर गंभीर है सरकार

प्रधान ने कहा, दो जगहों पर एग्जाम में गड़बड़ियों की बात सामने आई है। मैं छात्रों और अभिभावकों को ये विश्वास दिलाता हूं, कि सरकार इसे गंभीरता से ले रही है। प्रधान ने ये भी कहा कि NTA में सुधार की जरूरत है और अगर कोई बड़ा अधिकारी भी किसी प्रकार की धांधली में शामिल है, तो उसे भी बख्शा नहीं जाएगा। गुनहगारों को कठोर से कठोर दंड मिलेगा।


@ पटना

### NSUI का आरोप- NTA के विरोध पर हुई FIR

NEET UG एग्जाम में गड़बड़ियों को लेकर कांग्रेस के छात्र संगठन NSUI ने मामले में एग्जाम कैंसिल करने के बाद CBI जांच की मांग की। NSUI ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। NSUI ने चीफ वरुण चौधरी ने कहा कि ये 24 लाख कैंडिडेट्स के भविष्य का सवाल है। प्रधानमंत्री मोदी के गुजरात के गोधरा से सॉल्वर गैंग से जुड़े कई लोग गिरफ्तार हुए हैं। पटना में भी गिरफ्तारी हुई है। शिक्षा मंत्री अपने बयानों से स्टूडेंट्स को गुमराह कर रहे हैं। हमने शिक्षा मंत्री के निवास के बाहर विरोध किया तो हम पर FIR दर्ज की गई, लेकिन हम रुकेंगे नहीं।


नई दिल्ली में एनएसयूआई का प्रदर्शन

### यह बोले योग गुरु रामदेव



वहीं, योग गुरु रामदेव ने कहा है कि सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों में MBBS की पढ़ाई की फीस में जमीन आसमान का फर्क है। यही वजह है कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन लेने की होड़ मची हुई है।

### BJP सरकार छात्रों के सपनों पर पानी फेर रही: प्रियंका गांधी



NEET UG एग्जाम विवाद में सुप्रीम कोर्ट में एग्जाम कैंसिल करने को लेकर 15 जून को नई याचिका दायर की गई। लगभग 20 स्टूडेंट्स ने इस याचिका में कोर्ट से एग्जाम कैंसिल करने और मामले में CBI जांच की मांग की है। इस बीच कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी केंद्र सरकार पर NEET UG एग्जाम में गड़बड़ियों को लेकर निशाना साधा है। प्रियंका ने कहा, कि BJP सरकार ने शपथ ग्रहण के साथ ही छात्रों के सपनों पर पानी फेरना शुरू कर दिया।



@ अजमेर



एबीवीपी ने दिया ज्ञापन

**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उठाई मामले की CBI जांच की मांग**

ABVP ने NEET UG एग्जाम में गड़बड़ियों को लेकर शिक्षा मंत्री प्रधान को ज्ञापन सौंपा और मामले में CBI जांच की मांग की। ABVP के नेशनल सेक्रेटरी वीरेंद्र सोलंकी ने कहा कि NTA एग्जाम कंडक्ट कराने में फेल हुआ है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के आरोप पर जांच होनी चाहिए और सॉल्वर्स को कड़ी सजा होनी चाहिए। उधर, पटना में छात्रों ने केंद्र सरकार का पुतला दहन किया और सभी 24 लाख कैंडिडेट्स के लिए दोबारा एग्जाम कंडक्ट कराने की मांग की।

---


## MHT CET Result 2024: cetcell. mahacet.org पर जारी

# उत्तीर्ण उम्मीदवारों के लिए होगी काउंसलिंग प्रक्रिया

**बेधड़क** | नई दिल्ली

महाराष्ट्र स्टेट कॉमन एंट्रेंस टेस्ट सेल ने रविवार को पीसीएम और पीसीबी ग्रुप के लिए महाराष्ट्र कॉमन एंट्रेंस टेस्ट रिजल्ट 2024 जारी कर दिया है। उम्मीदवार प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट cetcell.mahacet.org पर जाकर एमएचटी सीईटी 2024 रिजल्ट की जांच कर सकते हैं।

एमएचटी सीईटी पीसीएम, पीसीबी ग्रुप परीक्षा में उपस्थित हुए उम्मीदवारों को MHT CET 2024 परिणाम डाउनलोड करने के लिए लॉगिन विवरण जैसे आवेदन संख्या और जन्म तिथि का उपयोग करना होगा। MHT CET 2024 स्कोरकार्ड में उम्मीदवार कुल अंक, विषयवार अंक और प्राप्त प्रतिशत देख सकते हैं। एमएचटी सीईटी 2024 परिणाम घोषित होने के बाद संस्थान की ओर से काउंसलिंग प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। एमएचटी सीईटी काउंसलिंग महाराष्ट्र के विभिन्न भाग लेने वाले संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। एमएचटी सीईटी परिणाम 2024 के आधार पर छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा।



## UPSC CSE प्रारंभिक परीक्षा-2024: चाक चौबंद व्यवस्था

# पूर्ण चेकिंग के बाद एन्ट्री, 51% कैंडिडेट्स हुए शामिल

**बेधड़क** | नई दिल्ली

संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की ओर से रविवार को सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 का आयोजन किया गया। शहर में 11 परीक्षा केंद्रों पर 4 हजार 250 कैंडिडेट्स रजिस्टर्ड है। परीक्षा केंद्रों पर चेकिंग के बाद आधा घंटे पहले तक ही एंट्री दी गई। पहली पारी में 2170 यानी 51 फीसदी कैंडिडेट्स शामिल हुए।

वहीं दूसरी पारी में 2148 कैंडिडेटस यानी 50.55 प्रतिशत शामिल हुए। सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस जाब्ता तैनात रहा। यूपीएससी की परीक्षा दो पालियों में हो रही है, यूपीएससी प्रीलिम्स पेपर-1 सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक हुआ। यूपीएससी प्रीलिम्स पेपर-II दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक आयोजित किया गया। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर ई प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट प्रस्तुत करने के साथ पहचान पत्र भी लाना था। कैंडिडेट्स को परीक्षा भवन में कोई भी मूल्यवान वस्तु, कीमती सामान, मोबाइल फोन, स्मार्ट या डिजिटल वाच, आईटी गैजेट, पुस्तकें, बैग आदि ले जाने की इजाजत नहीं दी गई। उम्मीदवारों को काला बॉल पाइंट पेन लाने के लिए निर्देश थे। इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस, इंडियन पुलिस सर्विस और इंडियन फॉरेस्ट सर्विस समेत अन्य एलाइड सर्विसेस के 1,056 पदों पर भर्ती के लिए ये एग्जाम किया जा रहा है।



### देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में शामिल

भारत में सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा में उपस्थित होने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर सेंटर पर जाना पड़ा। बता दें, यूपीएससी सीएसई एडमिट कार्ड 2024, पेन, पेंसिल और एक आईडी प्रूफ परीक्षा केंद्र पर ले जाने की अनुमति है।

### आईएएस प्रारंभिक उत्तर कुंजी 2024 की जांच कैसे करें...

- उम्मीदवार नीचे दिए गए चरणों का पालन करके यूपीएससी आईएएस प्रारंभिक उत्तर कुंजी 2024 डाउनलोड कर सकते हैं:
- यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर जाएं।
- होमपेज पर "परीक्षा" और फिर "उत्तर कुंजी" पर क्लिक करें।
- "सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा उत्तर कुंजी 2024" के लिंक पर क्लिक करें।
- यूपीएससी उत्तर कुंजी एक नए टैब में खुलेगी, इसे डाउनलोड करें।

### किन-किन भाषाओं में उपलब्ध हैं...

- यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा (upsc ias exam timing) के लिए जीएस और सीएसएटी प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं (optional subjects in upsc) में उपलब्ध है।

## न्यू भारत कप U-17

# जयपुर स्पोर्ट्स ने दर्ज की जीत



**जयपुर।** यहां चल रहे न्यू भारत कप U-17 में रविवार को अरावली क्लब और जयपुर स्पोर्ट्स क्लब के बीच खेले गए मैच में जयपुर स्पोर्ट्स ने जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले खेलते हुए अरावली क्लब की पूरी टीम 172 रन पर आउट हो गई। इसमें सर्वाधिक 67 रन का योगदान प्लांश चतुर्वेदी ने दिया। ओमांश शर्मा ने 23 रन बनाए। जयपुर स्पोर्ट्स की तरफ से कुशाग्र ने 5 और अयान ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जयपुर स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने कुशाल कपूर के 48 और आदित्य शर्मा ने 39 रनों के योगदान से 4 विकेट पर 176 रन बनाकर 6 विकेट से मैच जीत लिया।

---

## CGPSC SSE 2023 Mains Admit Card: सीजीपीएससी एसएसई 2023 मुख्य परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड psc.cg.gov.in जारी

# प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थी कर सकते हैं वेबसाइट से डाउनलोड

**बेधड़क** | नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (CGPSC) ने राज्य सेवा परीक्षा (SSE) मुख्य परीक्षा 2023 के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। CGPSC SSE 2023 प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट psc.cg.gov.in के माध्यम से सीजीपीएससी एसएसई मुख्य परीक्षा एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

सीजीपीएससी एसएसई 2023 मुख्य परीक्षा एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को अपने लॉगिन क्रेडेंशियल जैसे पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करना चाहिए। सीजीपीएससी एसएसई 2023 परीक्षा 24 जून से 26 जून तक दो पालियों में और 27 जून को एक शिफ्ट में आयोजित की जाएगी।




### परीक्षा संबंधी निर्देश भी शामिल

सीजीपीएससी एसएसई हाल टिकट में उम्मीदवार का नाम, रोल नंबर, फोटो, हस्ताक्षर, परीक्षा तिथि और समय जैसी जानकारी दी गई है। वहीं, परीक्षा केंद्र का पता और परीक्षा दिशा निर्देश भी शामिल हैं। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी।

### 242 रिक्तियों पर होगी नियुक्तियां

राज्य सेवा परीक्षा 2023 के माध्यम से कुल 242 रिक्तियां भरी जाएंगी। उम्मीदवारों का चयन प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और शारीरिक पात्रता परीक्षा (पीईटी) में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कैंडिडेट आधिकारिक वेबसाइट पर अधिसूचना देख सकते हैं।

### ऐसे प्राप्त करें प्रवेश पत्र-

छत्तीसगढ़ राज्य सेवा परीक्षा 2023 एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए https://online.ecgpsconline.in/ पर विजिट करें। इसके बाद, रजिस्टर्ड ईमेल आईडी और पासवर्ड दर्ज कर लॉगिन करें। अब, सीजीपीएससी एसएसई मेन्स एग्जाम 2023 एडमिट कार्ड स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। इसे जांचें और प्रिंटआउट निकालकर रख लें।

**CGPSC SSE Mains 2023: परीक्षा कार्यक्रम**

### CGPSC SSE मेन्स 2023 परीक्षा कार्यक्रम नीचे सारणी

| तिथि | पेपर | विषय | समय |
|---|---|---|---|
| 24 जून | पेपर 1 | भाषा | सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक |
| | पेपर 2 | निबंध | दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक |
| 25 जून | पेपर 3 | सामान्य अध्ययन 1 | सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक |
| | पेपर 4 | सामान्य अध्ययन 2 | दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक |
| 26 जून | पेपर 5 | सामान्य अध्ययन 3 | सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक |
| | पेपर 6 | सामान्य अध्ययन 4 | दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक |
| 27 जून | पेपर 7 | सामान्य अध्ययन 5 | सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक |

# कुर्बानी का अजीम जज्बा सिखाता है ईद-उल-अजहा



**वसीमा ख़ान**
वरिष्ठ पत्रकार

ईद-उल-अजहा दीन-ए-इस्लाम का दूसरा सबसे बड़ा त्योहार है। यह त्योहार बकरा ईद, ईद-उल-अजहा, ईदुज्जुहा, सुन्नत-ए-इब्राहीमी और ईद-ए-कुर्बां के नाम से भी जाना जाता है। जिस तरह से ईद-उल-फित्र रमजान की खुशी में मनाया जाता है, ठीक उसी तरह से ईद-उल-अजहा भी हज की खुशी में मनाया जाता है। ईद-उल-अजहा, हर साल इस्लामी महीने जिल-हिज यानी हज के महीने की दस तारीख को पड़ता है।

इस्लाम में जिल-हिज महीने की बड़ी मान्यता है। इस महीने के पहले दस दिनों में ही हजरत आदम अलै. की दुआ कुबूल हुई। हजरत इब्राहीम ने अल्लाह की राह में अपने प्यारे बेटे हजरत इस्माइल की कुर्बानी पेश की। इसी अशरे (कालखंड) में इन दोनों हजरात ने काबा शरीफ की बुनियाद रखी। इन्हीं दिनों में हजरत दाऊद अलै. को मगफिरत (मोक्ष) अता की। बकरीद का चांद दस दिन पहले दिखता है। ईद-उल-अजहा के दिन सभी मुस्लिम भाई सबसे पहले ईद-गाह में जाकर ईद की खास नमाज अदा करते हैं और उसके बाद अपने-अपने घरों में बकरे या भेड़ की कुर्बानी करते हैं।

हर त्योहार के मनाए जाने के पीछे कोई न कोई वजह या वाकिया होता है, वैसे ही ईद-उल-अजहा के पीछे भी है। ईद-उल-अजहा का वास्ता कुर्बानी से है। इस्लाम के एक पैगम्बर हजरत इब्राहीम को खुदा की तरफ से हुक्म हुआ कि यदि तुम मुझसे सच्ची मुहब्बत करते हो, तो अपनी सबसे ज्यादा प्यारी चीज की कुर्बानी करो। हजरत इब्राहीम के लिए सबसे प्यारी चीज थी, उनका इकलौता बेटा हजरत इस्माइल। लिहाजा हजरत इब्राहीम, अल्लाह की राह में अपने प्यारे बेटे की कुर्बानी देने के लिए राजी हो गए। इधर बेटा इस्माइल भी खुशी-खुशी कुर्बान होने को तैयार हो गया। हजरत इब्राहिम जब अपने बेटे को लेकर कुर्बानी देने जा रहे थे, तभी रास्ते में शैतान मिला और उसने कहा कि वह इस उम्र में क्यों अपने बेटे की कुर्बानी दे रहे हैं? उसके मरने के बाद बुढ़ापे में कौन आपकी देखभाल करेगा? हजरत इब्राहिम यह बात सुनकर सोच में पड़ गए और उनका कुर्बानी देने का मन बदलने लगा। लेकिन कुछ देर बाद वह संभले और कुर्बानी के लिए तैयार हो गए। हजरत इब्राहिम को लगा कि कुर्बानी देते समय उनके जज्बात आड़े आ सकते हैं, लिहाजा उन्होंने अपनी आंखों पर पट्टी बांध ली। जैसे ही हजरत इब्राहीम ने अपने बेटे हजरत इस्माइल की गर्दन पर छुरी चलाई, उनकी जगह एक भेड़ कुर्बान हो गया।

> *“हजरत इब्राहिम जब अपने बेटे को लेकर कुर्बानी देने जा रहे थे, तभी रास्ते में शैतान मिला और उसने कहा कि वह इस उम्र में क्यों अपने बेटे की कुर्बानी दे रहे हैं? उसके मरने के बाद बुढ़ापे में कौन आपकी देखभाल करेगा? हजरत इब्राहिम यह बात सुनकर सोच में पड़ गए और उनका कुर्बानी देने का मन बदलने लगा, लेकिन कुछ देर बाद वह संभले और कुर्बानी के लिए तैयार हो गए। हजरत इब्राहिम को लगा कि कुर्बानी देते समय उनके जज्बात आड़े आ सकते हैं, लिहाजा उन्होंने अपनी आंखों पर पट्टी बांध ली।”*

ऐन कुर्बानी के वक्त खुदा ने हजरत इस्माइल को बचा लिया और हजरत इब्राहीम की कुर्बानी भी कुबूल कर ली। खुदा की ओर से यह महज एक इम्तिहान था, जिसमें पैगम्बर हजरत इब्राहीम पूरी तरह से पास हुए। यह वाकिया इस्लाम की तारीख में अजीम मिसाल बन गया। अपनी मुहब्बत, जज्बात और एहसास को अल्लाह की खुशी के लिए कुर्बान कर दो। तभी से हर साल इसी दिन, उस अजीम कुर्बानी की याद में मुसलमान भाई बकरा ईद मनाते हैं। अल्लाह की राह में अपने-अपने घरों के अंदर बकरे या भेड़ की कुर्बानी करते हैं।

कुर्बानी, ईद की नमाज के बाद से शुरू की जाकर जिल-हिज महीने की बारहवीं तारीख की शाम तक की जा सकती है। यानी जो शख्स ईद के दिन कुर्बानी न कर पाए, तो वह दूसरे, तीसरे दिन भी कुर्बानी कर सकता है। जिबह करने वाले जानवर की कुर्बानी के बाद, कुर्बानी के गोश्त के तीन हिस्से किए जाते हैं। एक हिस्सा अपने घर वालों के लिए, दूसरा हिस्सा रिश्तेदारों और दोस्त-अहबाब के लिए एवं तीसरा हिस्सा गरीबों और यतीमों में बांटा जाता है।

ईद-उल-फित्र पर जिस तरह से सदका और जकात दी जाती है, ठीक उसी तरह से ईद-उल-अजहा पर मुसलमान भाई कुर्बानी के गोश्त का एक हिस्सा गरीबों में तकसीम करते हैं। इस्लाम में हर त्यौहार पर गरीबों का खयाल जरूर रखा जाता है। ताकि उनमें कमतरी का एहसास पैदा न हो। गरीब मुस्लिम भाई भी अच्छी तरह से त्यौहार मना सकें। ईद-उल-अजहा, जहां सबको साथ लेकर चलने का पैगाम देता है, वहीं यह भी तालीम देता है कि इंसान को खुदा का कहा मानने में, सच्चाई की राह में अपना सब कुछ कुर्बान (बलिदान) करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। ईद-उल-अजहा, मुस्लिम भाइयों को कुर्बानी की सीख देता है। यदि इस त्योहार से उनके दिल में कुर्बानी का अजीम जज्बा पैदा न हो, तो इस त्योहार की क्या अहमियत है? ईद-उल-अजहा, मनाए जाने के पीछे हज की खुशी भी है।

हज, इस्लाम के पांच प्रमुख स्तम्भों में से एक है। हज हर उस मुसलमान पर फर्ज है, जिसके पास उसके सफर का जरूरी खर्च और बीबी-बच्चों के लिए इतना खर्च हो कि व उसके पीछे आराम से अपना गुजर कर सकें। हज का फरीजा (पुनीत कर्तव्य) और अरकान मक्का शहर, मीना और अराफात के मैदान में इस्लामिक कैलेंडर के 12वें महीने जिल हिज्ज महीने की आठ से बारह तारीख तक पूरे किए जाते हैं। हज के इस फरीजे को अदा करने के लिए दुनिया भर से मुसलमान सऊदी अरब के शहर मक्का और मदीना मुनव्वरा के लिए सफर करते हैं।

हमारे मुल्क से भी हजारों लोग इस फरीजे को अदा करने के लिए मक्का और मदीना का सफर करते हैं। जिल-हिज महीने की दस तारीख को मक्का में हाजी लोग हज के तमाम अरकान पूरे करने के बाद मीना के मैदान में खुदा की इबादत और कुर्बानी में मशगूल हो जाते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

---

वेदों की जननी मां गायत्री की जयंती पर विशेष

# श्रेष्ठता के लिए प्रेरित करती ‘देवी गायत्री’



**अशोक ‘प्रवृद्ध’**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

महामंत्र, गुरुमंत्र आदि के नाम से प्रसिद्ध वैदिक गायत्री मंत्र- ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।- यजुर्वेद के मंत्र ॐ भूर्भुवः स्वः और ऋग्वेद के मंत्र 3/62/10 के मेल से बना है। इस मंत्र में सवितृ देव की उपासना है। इसलिए इसे सावित्री भी कहा जाता है। मान्यतानुसार गायत्री मंत्र के उच्चारण, स्मरण से ईश्वर की प्राप्ति होती है। यह मंत्र ही अपने आपमें गायत्री देवी का स्वरूप है, क्योंकि गायत्री वेदों की जननी हैं और वह पापों का नाश करने वाली हैं। सभी मंत्रों की माता गायत्री मंत्र सभी प्रकार के अंधकार का विध्वंसक है। यह मंत्र यजुर्वेद व सामवेद में भी अंकित है। गायत्री का शाब्दिक अर्थ है- गायत्त्रायते अर्थात गाने वाले का त्राण करने वाली। गायत्री मंत्र गायत्री छंद में रचा गया अत्यंत प्रसिद्ध मंत्र है। इसके देवता सविता हैं और ऋषि विश्वामित्र हैं। सृष्टिकर्ता ब्रह्मा से लेकर ऋषि-मुनियों, साधु-महात्माओं और अपना कल्याण चाहने वाले लोगों ने इस मंत्र का आश्रय लिया है। ऋग्वेद में गायत्री के दो अलग-अलग मंत्र ऋग्वेद 3/62/10 और ऋग्वेद 5/82/1 में अंकित हैं। प्रथम मंत्र ऋग्वेद 3/62/10 में कहा गया है-
तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात।। -ऋग्वेद 3/62/10
स्वामी दयानन्द सरस्वती ने इस मंत्र का अर्थ इस प्रकार किया है- जो मनुष्य सबके साक्षी, पिता के सदृश वर्त्तमान, न्यायेश, दयालु, शुद्ध, सनातन, सबके आत्माओं के साक्षी परमात्मा की ही स्तुति और प्रार्थना करके उपासना करते हैं, उनको कृपा का समुद्र सबसे श्रेष्ठ परमेश्वर, दुष्ट आचरण से पृथक् करके श्रेष्ठ आचरण में प्रवृत्त करा और पवित्र तथा पुरुषार्थयुक्त करके धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को प्राप्त कराता है। दूसरा मंत्र ऋग्वेद 5/82/1 में दिया गया है, जिसमें मनुष्यों को किसकी उपासना करनी चाहिए, इस विषय की जानकारी देते हुए कहा गया है-
तत्सवितुर्वृणीमहे वयं देवस्य भोजनम्। श्रेष्ठं सर्वधातमं तुरं भगस्य धीमहि।।-ऋग्वेद 5/82/1
स्वामी दयानन्द सरस्वती इस मंत्र का अर्थ करते हैं- जो मनुष्य सबसे उत्तम जगदीश्वर की उपासना करके अन्य की उपासना का त्याग करते हैं, वे सम्पूर्ण ऐश्वर्य्य से युक्त होते हैं।

> *“गया प्राण को कहा गया है। बृहदारण्यक उपनिषद में कहा गया है- प्राणा वै गयाः, तत्प्राणांस्तवे, तद्यद्गयांस्तवे, तस्माङ्गायत्री नाम। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार गायत्री प्राण शक्ति है। इसीलिए इसे सूर्य उपासना के लिए प्रयुक्त कियाजाता है। छान्दोग्य उपनिषद 5/2/7 में गायत्री का रहस्य प्रकट किया गया है। इसमें गायत्री उपासना के संकेत भी मिलते हैं।”*



ऋग्वेद के इन गायत्री मंत्र से पहले ॐ लगाने का नियम है। इसे प्रणव कहा जाता है। प्रणव परब्रह्म परमात्मा का नाम है। ओम् के अ+उ+म् इन तीन अक्षरों को ब्रह्मा, विष्णु और शिव का रूप माना गया है। गायत्री मंत्र से पहले ॐ के बाद भूः भुर्वः स्वः लगाकर ही मंत्र का जप करना उत्तम माना गया है। ये गायत्री मंत्र के बीज हैं। बीज मंत्र का जप करने से ही साधना सफल होती है। ॐ और बीजमंत्र सहित पूर्ण गायत्री मंत्र का अर्थ इस प्रकार है- पृथ्वीलोक, भुवःलोक और स्वर्गलोक में व्याप्त उस श्रेष्ठ परमात्मा (सूर्यदेव) का हम ध्यान करते हैं, जो हमारी बुद्धि को श्रेष्ठ कर्मों की ओर प्रेरित करें।

उपनिषद, पुराण आदि ग्रंथों में गायत्री माता व गायत्री मंत्र की महिमा का विशद वर्णन अंकित है। बृहदारण्यक उपनिषद के पांचवें कांड में गायत्री स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा गया है कि गायत्री के चार पाद हैं। एक द्यौ अर्थात स्वर्ग, भूमि और अंतरिक्ष से मिलकर, दूसरा वेदत्रयी से तो तीसरा प्राण, अपान और व्यान से मिलकर बनता है। चौथा पैर सूर्य का है, यह दिखाई देता भी है और नहीं भी दिखता। शरीर में सूर्य आंख का अधिष्ठातृ देवता है। सूर्य आंख पर ही विश्राम करता है। भू सिर को भुवः हाथों को और स्व पैरों को कहा जाता है। गया की रक्षा करने के कारण गायत्री नाम हुआ। गया प्राण को कहा गया है। बृहदारण्यक उपनिषद में कहा गया है- प्राणा वै गयाः, तत्प्राणांस्तवे, तद्यद्गयांस्तवे, तस्माङ्गायत्री नाम। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार गायत्री प्राण शक्ति है। इसीलिए इसे सूर्य उपासना के लिए प्रयुक्त कियाजाता है। छान्दोग्य उपनिषद 5/2/7 में गायत्री का रहस्य प्रकट किया गया है। इसमें गायत्री उपासना के संकेत भी मिलते हैं।

मान्यतानुसार गायत्री मंत्र सर्वप्रथम ब्रह्मऋषि विश्वामित्र के समक्ष प्रकट हुआ। गायत्री मंत्र का मूल महत्व सूर्य देवता की उपासना है। गायत्री मंत्र का जप प्रातःकाल और सांयकाल में सूर्य देवता के समक्ष किया जा सकता है। गायत्री मंत्र का जप दिन में तीन बार प्रातः, मध्याह्न और संध्या को किया जा सकता है। प्रातःकाल में यह भगवान ब्रह्मा को समर्पित है और गायत्री कहलाती है, मध्याह्न में यह भगवान विष्णु को समर्पित है और सावित्री कहलाती है, जबकि सांयकाल में भगवान शिव को समर्पित है और सरस्वती कही जाती है। गायत्री मंत्र में चौबीस अक्षर होते हैं। गायत्री मंत्र भौतिक, भावनात्मक और मानसिक चिकित्सा का मंत्र है। सूक्ष्म कर्मों को शुद्ध करना, बाधाओं से संरक्षण, आध्यात्मिक जागृति और आत्मबोध का मंत्र है। वेद माता गायत्री देवी को गायत्री मंत्र की देवी माना गया है। वह देवी सरस्वती, ज्ञान और चार वेदों की दाता, की अवतार हैं। गायत्री देवी लाल कमल पर विराजमान हैं, जो संपत्ति का सूचक है। वह एक श्वेत हंस के साथ हैं, जो शुद्धता का प्रतीक है। वह एक हाथ में पुस्तक और एक में औषधि धारण किये हुए हैं, जो क्रमशः ज्ञान और स्वास्थ्य का सूचक है। उन्हें पांच शीर्ष के साथ दिखाया गया है, जो पंच प्राण अथवा पांच इन्द्रियों के प्रतीक हैं। गायत्री मंत्र प्रकाश और जीवन के अनंत स्रोत सूर्य की प्रार्थना है, जो सभी विषयों में बुद्धि का मार्गदर्शन करके हमारी चेतना जगाता है। सविता अर्थात गायत्री सवितृ अर्थात सूर्य के पीछे की प्रेरक शक्ति है। मान्यतानुसार माता गायत्री के पांच मुख हैं, जो पांच महाभूत अर्थात पंच तत्वों - जल, वायु, पृथ्वी, अग्नि और आकाश के सूचक हैं। इस संसार के हर जीव में प्राण शक्ति के रूप में माता गायत्री विद्यमान हैं। गायत्री को विश्वमाता और देवमाता का भी स्थान दिया गया है। गायत्री का वर्णन वैदिक संध्या अनुष्ठानों में गायत्री ध्यान के श्लोक में किया गया है, जिसके अनुसार गायत्री देवी के प्रत्येक मुख पर तीन नेत्र हैं। हर मुकुट चंद्रमा से सुशोभित है। पर्ल, पवाली, गोल्ड, इंद्रनील और धवल के किरदारों के पांच चेहरे हैं। इनके दस हाथ हैं और उन हाथों में वरद प्रतीक चिन्ह, अभय प्रतीक चिन्ह, अंकुश, कोड़ा, शूल, कपाल, रज्जू, शंख, चक्र और कमल का जोड़ा है। वह ब्रह्म का अवतार है। सुबह गायत्री शैशवावस्था में होती है और बढ़ते सौरमंडल के मध्य में होती है। उसका रंग और वस्त्र लाल हैं। इसके चार चेहरे हैं। चार हाथ हैं, जिनमें डंडा, कमंडलू, वक्ष और अभय प्रतीक चिन्ह है। वह ब्रह्मतुल्य है और हंस पर सवार है। वह ऋग्वेद का पाठ करती है और पृथ्वी की नियंत्रक है। गायत्री अपनी युवावस्था में दोपहर में है और मध्यदिन सौरमंडल के बीच में है। उसका रंग और कपड़े सफेद हैं। इसके चार चेहरे हैं। प्रत्येक मुख की तीन आंखें हैं और सिर पर एक चंद्रमा है। चार हाथ हैं जिनमें एक त्रिशूल, खड़ग, खटवांग और दावरू है। वह रुद्र जैसी है और बैल पर बैठती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

---

**व्यंग्य**

# बधाई हो... थाली कटोरी और चम्मच मिलने पर



**प्रकाश हेमावत**
व्यंग्यकार

बधाई हो, बधाई हो, बधाई हो भाई साहब! मैंने कहा अरे साहेब बधाई किस बात कि दे रहे हो? जरा यह बताएं तों सही? क्या मैं कोई चुनावी जंग जित गया? आप इस तरह से माहौल क्यों बना रहे हो? अरे साहब आपके हाथ में थाली कटोरी और चम्मच को देखकर बधाई देर रहा हूं। शादी के प्रोग्राम में स्वादिष्ट स्वादानुसार भोजन के कार्यक्रम में अत्यधिक ‘पहलवानों’ की माफ करना मेहमानों एवं मिलने जुलने वालों की भिड़ में चकाचौंध करतीं हुई लाइटिंग के बीच आपके हाथ में थाली, कटोरी और चम्मच आना वाकई खुशी की बात है इस अपार सफलता के लिए बधाई तों बनती है ना। मैं आधे घंटे से लाइन में लगा हूं और अभी भी आपके सामने थाली के लिए खड़ा हूं, आपने आते ही चौका मार दिया माफ करना हमको चौंका दिया। हां हां क्यों नहीं तुम मुझे बधाई दोगे ही, तुम्हारे चेहरे पर जो छद्म आवरण ओढ़े मुस्कान दिखाई दे रही है ना, वह बहुत कुछ कह रही है मैं सब कुछ समझ रहा हूं तुम्हारे इस संवाद और अंदाज को, तुम्हें मैं इतनी देर से मतदाता की तरह बड़ी धैर्यता साथ शांतिपूर्वक लाइन में लगा था क्या वह आपको दिखाई नहीं दिया? अरे दादा, मेरे कहने का आपने गलत अर्थ निकाल लिया। आपके चेहरे पर आई खुशी इस बात को इंगित करती है जैसे कोई उम्मीदवार चुनाव जीत गया हो। जनम, मरण और पारण जैसे कई प्रकार के कार्यक्रमों में मेरा आचार, विचार और व्यवहार को देखते हुए मिलने जुलने वाले मुझे इस स्वादिष्ट खाद्य प्रिया पाक भोजन के लिए लगातार निमंत्रण पत्र मिलते ही रहते है। मुझे इस बात का अच्छा अनुभव है भाई साहब की, थाली कटोरी और चम्मच को किस तरह से हथियाया जाता है जैसे सत्ता को प्राप्त करने के लिए किस तरीके से विजय हुए उम्मीदवारों को हथियाया जाता है।

इस वार्तालाप को बीच मझधार में छोड़ता हुआ जैसे-जैसे थाली को लेकर आगे बढ़ा थाली में सलाद लेकर अनुशासनात्मक रवैया अपनाते हुए धिमी गति से सब्जी के पास पहुंचा तो देखा कि आलू और भिंडी का मजबूत गठबंधन वाला प्रेम देखकर ऐसा लग रहा है जैसे जनम जनम का साथ एक दूजे के लिए है । ऐसा प्रेम देखकर मेरी थाली में रखें गुलाब जामुन अंदर ही अंदर जल रहा था इसी ज्वलंता के कारण दही की कटोरी में कूद कर आत्महत्या करने की कोशिश बार-बार कर रहा था क्योंकि, उसका साथी रसगुल्ले का खात्मा मेहमानों के हाथों हो गया था। थोड़ा पलट कर देखा तो बड़े में बड़े आलू बड़े थे जों चटनी के साथ आलिंगन मुद्रा में थे। बड़ी में बड़ी रबड़ी थी जो घेवर के ऊपर महंगाई की तरह पड़ी थी। इस महफिल का मामला बिल्कुल रंगीन था। भिन्न तरीके से स्टॉल पर सजे हुए नमकीन थे इनके साथ बे मौसम समय-समय पर हर किसी को लगने वाली मिर्ची भी थी इसका स्वाद चटकारे के साथ कुछ भूले भटके मेहमानों द्वारा लिया जा रहा था। मिर्ची का स्टॉल मेरे लिए काम का नहीं था इसलिए वहा से नजर बचा के खिसक लिया। काजू बादाम किशमिश से सजें हुए थाल दिखाई दिए बड़े दुख की बात होगी वहां पर नाममात्र के मेहमान दिखें पता लगाया तो पता चला कि हर कोई किसी ने किसी बीमारी से ग्रसित है इसलिए इन्हें देखना तो दूर छूना भी नहीं चाहता है।

श्रीखंड तो मेरे पास आता आता खंड-खंड हो गया । ऐसे ऐसे विभिन्न प्रकार के नजारे देख कर मैंने भोजन ग्रहण किया और जों मुझे आशीष स्वरूप मुझे बधाई दें रहे थे वह अभी भी इधर उधर थाली कटोरी और चम्मच को लेकर कतार में खड़े दिखाई दिए।

---

**नॉलेज कॉर्नर: संत समत्व सागर का वर्षायोग (17 जून से) इस बार कीर्ति नगर जयपुर में**

# एक होनहार इंजीनियर जो बन गए संत!



**पदम जैन बिलाला**
अध्यक्ष, श्री दिगंबर जैन मंदिर, जनकपुरी, ज्योति नगर, जयपुर

> *अमेरिका की चमक दमक, और 20 लाख का पैकेज व खूब नाम भी उन्हें रास नहीं आया। इसलिए वे वापस आ गए और आचार्यश्री के संघ के साथ हो लिए। इस बीच मां अनीता जैन और पिता एके जैन ने भी उनके मोक्ष मार्ग का अनुमोदन किया।*

मोक्ष मार्ग भी अजब है। अगर मन में गुरु के प्रति विश्वास और मोक्ष मार्ग पर चलने का दृढ़ निश्चय आ जाए तो अमेरिका जैसे देश की चमक दमक, लाखों के पैकेज वाली नौकरी, गीत-संगीत सुनने का शौक, लहरों पर तैरने और स्केटिंग के साथ ही पहाड़ों पर चढ़ने जैसे शौक भी तुच्छ लगते हैं। दस वर्ष पहले विदिशा के एक होनहार इंजीनियर के साथ भी यही हुआ था। अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र ने सारी दुनियां की चमक दमक, धन दौलत और शान शौकत को ठुकराकर दिगम्बर वेष धारण किया और चल पड़ा था महावीर के बताए मोक्ष मार्ग पर। जी हां, विदिशा के इंजी. अंकुर जैन दस वर्ष पहले बन गए थे मुनि समत्व सागर महाराज, जो सम्मेद शिखर जी में भी कई दिन विराजमान रहे। कैसे कोई माता-पिता अपनी इकलौती संतान को वीतराग की ओर बढ़ते देख पाते हैं, लेकिन धन्य हैं वह युवा इंजीनियर और उनके माता पिता जिन्होंने मोक्ष मार्ग और दुनियां में महावीर का संदेश पहुंचाने का मार्ग चुना। मुनिश्री समत्वसागर महाराज के गृहस्थ जीवन के पिता डॉ एके जैन अपने गृहस्थ जीवन के पुत्र यानी अब मुनि समत्वसागर के चरणों की वंदना में ही लीन हैं।



अंकुर जैन का जन्म 1984 में हुआ था, वे घर में इकलौते पुत्र हैं, एक पुत्री भी है। अंकुर की प्रारंभिक शिक्षा ग्यारसपुर में हुई और फिर उन्होंने एसएटीआई विदिशा से इलेक्ट्रॉनिक्स में इंजीनियरिंग की डिग्री ली। उन्होंने बिट्स पिलानी से एमटेक किया और फिर हैदराबाद की एक कंपनी में सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर काम करने लगे। धीरे-धीरे उनका पैकेज 20 लाख रुपए तक पहुंच गया, लेकिन मन में कहीं विरक्ति का बीज अंकुरित हो रहा था। इस दौरान विदिशा में 2013 में पंचकल्याणक में आचार्यश्री विशुद्धसागर महाराज का आगमन हुआ। यहीं उन्होंने ब्रह्मचर्य व्रत ग्रहण कर लिया और कहा कि मेरा मन नौकरी में नहीं लग रहा है। इस बीच आचार्यश्री से उन्होंने यह भी कहा कि गुरुदेव मुझे अमेरिका जाने का ऑफर है, क्या करना चाहिए? आचार्यश्री विशुद्धसागर ने तत्काल कहा, जाओ, दुनियां घूमकर देखना चाहिए कि कहां क्या चल रहा है। इस पर अंकुर चल दिए अमेरिका, लेकिन अमेरिका की चमक दमक, और 20 लाख का पैकेज व खूब नाम भी उन्हें रास नहीं आया। इसलिए वे वापस आ गए और आचार्यश्री के संघ के साथ हो लिए। इस बीच मां अनीता जैन और पिता एके जैन ने भी उनके मोक्ष मार्ग का अनुमोदन किया। हालांकि पिता बहुत भावुक हो उठे थे और जब 2014 में भीलवाड़ा में अंकुर जैन को दिगम्बर साधु की दीक्षा दी गई तो उन्होंने पिता की पाती पुत्र के नाम का वाचन जब मंच से किया तो वहां मौजूद हजारों लोगों की आंखों से आंसू बह निकले थे। अंकुर जैन अब मुनिश्री समत्वसागर महाराज हो चुके थे। नौकरी, माया मोह, चमक दमक, लाखों का पैकेज, घर परिवार सब छोड़ मोक्ष मार्ग का यह यात्री पिच्छि-कमंडल हाथ में ले दिगम्बर वेष में महावीर के मार्ग पर चल चुका था। यह यात्रा अब भी निरंतर जारी है। इनके द्वारा रचित गीत एवं देशनाएं यूट्यूब पर ख़ासे चर्चित हैं। इसी कारण इनको प्रवचन पट्टू तथा वैज्ञानिक संत के नाम से भी जाना जाता है। कीर्ति नगर समाज के मंत्री जगदीश जैन के अनुसार मुनि श्री का ससंघ वर्ष 2024 का चातुर्मास कीर्ति नगर जयपुर में होना प्रस्तावित है। जयपुर जैन समाज को इनके पावन सान्निध्य का सुअवसर 17 जून से प्राप्त होने जा रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

---



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
प्रदेश की भाजपा सरकार ने आचार संहिता हटते ही तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में माताओं-बहनों को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया है। हमारी सरकार पूर्ण रूप से माताओं-बहनों, युवाओं, गरीबों और मजदूरों के लिए समर्पित है।



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
उत्तराखंड के AIIMS, ऋषिकेश में रूद्रप्रयाग हादसे के घायलों का कुशल चिकित्सकों की देख-रेख में समुचित उपचार हो रहा है। प्रभु श्री राम से सभी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना है।

### संसद भवन परिसर में अब एक ही जगह पर होंगी महान विभूतियों की मूर्तियां

# उपराष्ट्रपति ने किया प्रेरणा स्थल का उद्घाटन, कांग्रेस ने जताई आपत्ति

एजेंसी | नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को संसद भवन परिसर में प्रेरणा-स्थल का उद्घाटन किया। यहां स्वतंत्रता सेनानियों और अन्य नेताओं की वे सभी प्रतिमाएं रखी गई हैं, जो पहले संसद परिसर में विभिन्न स्थानों पर रखी गई थीं। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान शिलापट्ट के अनावरण के बाद गणमान्यजनों ने प्रेरणा स्थल में स्थापित प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। कांग्रेस ने मूर्तियों को स्थानांतरित किए जाने पर आपत्ति जताई है। निवर्तमान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संसद भवन परिसर के अंदर 15 महापुरुषों और महान स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं स्थापित हैं और उनका देश के इतिहास, संस्कृति एवं स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रेरणा स्थल के निर्माण का मुख्य उद्देश्य यह है कि संसद परिसर में स्थापित इन प्रतिमाओं को एक स्थान पर एक सुंदर और मनोरम वाटिका में स्थापित किया जाए। ताकि आगंतुक एक ही स्थान पर हमारे महापुरुषों का दर्शन करें और उन्हें श्रद्धांजलि दें। ओम बिरला ने बताया कि संसद भवन परिसर के कायाकल्प की व्यापक



योजना में उद्यानों और जल निकायों के साथ एक हरित पट्टी में बदलना, भारत की वनस्पतियों की समृद्ध विविधता और स्वदेशी और मौसमी पौधों को लगाना शामिल है। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए, सांसदों को गेट से संसद भवन तक ले जाने के लिए बैटरी चालित वाहनों की शुरुआत की जा रही है। बिरला ने बताया कि यह भी कार्य योजना है कि उन प्रतिमाओं के समीप नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से उन महापुरुषों की जीवनगाथा, उनके सन्देश भी आगंतुकों के लिए उपलब्ध हों, ताकि सभी को उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा मिले, और इसीलिए इस स्थल का नाम प्रेरणा स्थल दिया गया है। उन्होंने कहा कि संसद भवन में बड़ी संख्या में स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी भ्रमण के लिए आते। युवा एवं छात्र इन महापुरुषों के जीवन दर्शन से प्रेरणा लें, यही प्रेरणा स्थल बनाने के पीछे उद्देश्य है।

बिरला ने यह भी बताया कि संसद परिसर में मूर्तियों का स्थानांतरण पहली बार नहीं हुआ है। इसके पहले भी संसद के नए भवन के निर्माण कार्य के दौरान महात्मा गांधी, मोतीलाल नेहरू और चौधरी देवी लाल की प्रतिमाओं को परिसर में ही अन्य स्थान पर सम्मानपूर्वक स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछली शताब्दी में, संसद भवन परिसर में कई बदलाव हुए हैं।

#### मूर्तियां स्थानांतरित करने का फैसला एकतरफा: कांग्रेस

दूसरी ओर, कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि संसद परिसर के भीतर मूर्तियों को स्थानांतरित करने का निर्णय सत्तारूढ़ शासन द्वारा एकतरफा लिया गया था और इसका एकमात्र उद्देश्य महात्मा गांधी और बीआर अंबेडकर की मूर्तियों को संसद के पुराने स्थान पर नहीं रखना है, जो लोकतांत्रिक विरोध के पारंपरिक स्थल रहे हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रतिमाओं और चित्र पर संसद की समिति की आखिरी बैठक 18 दिसंबर, 2018 को हुई थी और 17वीं लोकसभा (2019-2024) के दौरान इसका पुनर्गठन भी नहीं किया गया था।

### पूर्व विधायक नितिन त्यागी भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली**। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के के करीबी सहयोगी रहे पूर्व विधायक नितिन त्यागी रविवार को भाजपा में शामिल हो गए। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के बीच में उन्होंने एकाएक खुद को आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार से अलग कर लिया था। उन्होंने आप पर हर महिला को प्रति माह आर्थिक सहायता देने की योजना को एक झूठ बताते हुए पार्टी पर जनता को धोखा देने का आरोप लगाया था। पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण उन्हें आम आदमी पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि त्यागी के भाजपा में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी ।

### नायडू के बेटे लोकेश ने लगाया जनता दरबार

**अमरावती**। आंध्र प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश ने लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए रविवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र मंगलागिरी में जनता दरबार लगाया। जनता दरबार में मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के बेटे लोकेश ने लोगों को भरोसा दिलाया कि वह हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। कार्यक्रम के लिए निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और लोकेश को अपनी समस्याएं सुनाईं। आंध्र प्रदेश वेलुगु शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने लोकेश से अपील की, कि अनुबंध के आधार पर काम कर रहे 2,193 कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित किया जाए। एक छात्र जगदीश ने मंत्री से नुज्विद कॉलेज को शुल्क प्रतिपूर्ति बकाया चुकाने के लिए कदम उठाने की अपील की, ताकि वह कॉलेज से अपना पॉलिटेक्निक प्रमाण पत्र वापस ले सके।

### ईवीएम को लेकर फिर गहराया विवाद: विश्वसनीयता पर उठाए सवाल

# भारत में ईवीएम 'ब्लैक बाक्स' जांच की अनुमति नहीं: राहुल

■ आगामी सभी चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएं: अखिलेश यादव

एजेंसी | नई दिल्ली/मुंबई

लोकसभा चुनाव 2024 के बाद एक बार फिर ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कई विपक्षी पार्टियों ने एक बार फिर से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिये कराने की मांग की। ईवीएम को हैक किए जाने संबंधी एलन मस्क के दावे के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मस्क के दावों का समर्थन करते हुए कहा कि भारत में ईवीएम एक ब्लैक बॉक्स है और किसी भी को भी उसकी जांच की अनुमति नहीं है। वहीं समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने सभी आगामी







चुनाव बैलेट पेपर (मतपत्र) से कराने की अपनी मांग को फिर दोहराया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जताई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जब संस्थाओं में जवाबदेही ही नहीं होती तो लोकतंत्र दिखावा बन कर रह जाता है और धांधली की आशंका बढ़ जाती है। इस पोस्ट के साथ गांधी ने 'एक्स' पर एलन मस्क की उस पोस्ट को भी साझा किया जिसमें मस्क ने ईवीएम को हटाने की बात कही थी।

#### भाजपा बताए क्यों कर रही है ईवीएम के इस्तेमाल की जिद: अखिलेश



वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने एक पोस्ट में कहा, टेक्नॉलजी समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए, तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए। यादव ने इसी पोस्ट में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, आज जब विश्व के कई चुनावों में ईवीएम को लेकर गड़बड़ी की आशंका जाहिर की जा रही है और दुनिया के जाने-माने प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ ईवीएम में हेराफेरी के खतरे की ओर खुलेआम लिख रहे हैं, तो फिर ईवीएम के इस्तेमाल की जिद के पीछे की वजह क्या है, ये बात भाजपाई साफ करें। उन्होंने कहा, हम आगामी सभी चुनाव बैलेट पेपर (मतपत्र) से कराने की अपनी मांग को फिर दोहराते हैं। ज्ञात रहे कि यादव पहले भी ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते रहे हैं।

#### पूर्व मंत्री चंद्रशेखर का मस्क पर पलटवार



एलन मस्क की इस पोस्ट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने पलटवार करते हुए कहा कि यह बिना किसी आधार का दिया गया है। चंद्रशेखर ने कहा कि यह बहुत सामान्य कथन है। इसका सीधा सा अर्थ है कि कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर नहीं बना सकता है। यह गलत है। एलोन मस्क का विचार अमेरिका और अन्य स्थानों पर लागू हो सकता है, जहां पर इंटरनेट से जुड़ी वोटिंग मशीनें बनाने के लिए कंप्यूटर प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। लेकिन भारतीय ईवीएम इससे बिल्कुल अलग हैं। ये कस्टम डिजाइन किए गए हैं , किसी भी नेटवर्क से सुरक्षित हैं। इसमें न कोई कनेक्टिविटी है, न कोई ब्लूटूथ, वाईफाई, इंटरनेट कुछ भी नहीं। साफ है कि ईवीएम को हैक करने का कोई रास्ता नहीं है। चंद्रशेखर ने मस्क को भारत में डिज़ाइन की गई ईवीएम की मजबूती का प्रदर्शन करने वाला एक ट्यूटोरियल देने की भी पेशकश की। उन्होंने कहा,भारत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को कैसे तैयार किया जाता है, हमें एलन मस्क को ट्यूटोरियल देने में खुशी होगी।

#### इस बयान से गहराया विवाद

दिग्गज अरबपति और सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क ने सोशल मीडिया पोस्ट पर ईवीएम को लेकर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इंसानों या एआई द्वारा इसके हैक किए जाने का जोखिम है, इसलिए इसे खत्म कर दिया जाना चाहिए।

#### क्यों बौखलाए हैं एलन मस्क



एलन मस्क की सैटेलाइट बेस्ड कंपनी स्टारलिंक को लंबे वक्त से भारत में मंजूरी का इंतजार है। स्टारलिंक ने भारत में अपनी सर्विस शुरू कर दी थी। लेकिन सरकारी मंजूरी न होने की वजह से स्टारलिंग को यूजर्स के पैसे वापस करने पड़े हैं। अब से लेकर अब तक स्टारलिंक को भारत सरकार से मंजूरी नहीं मिली है। वही दूसरी तरह स्टारलिंग के मुकाबले में जियो और एयरटेल अपनी सर्विस लॉन्च करने जा रही हैं। ऐसे में स्टारलिंक की वजह से एलन मस्क को भारत से जोरदार झटका लगा है।

#### टेस्ला को मंजूरी नहीं

एलन मस्क का अन्य कारोबार इलेक्ट्रिक कार टेस्ला का है। एलन मस्क टेस्ला को भी भारत में बेचना चाह रहे हैं। लेकिन भारत सरकार की ओर से टेस्ला कार को बेचने की मंजूरी नहीं दी गई है। वहीं, एलन मस्क सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, जिसे पहले तक ट्विटर के नाम से जाना जाता था, उसे लेकर भी भारत सरकार काफी सख्त रही है। भारत सरकार और ट्विटर के बीच कई बार टकराव के हालात बने हैं। कुल मिलाकर एलन मस्क का कोई भी कारोबार भारत में सही से शुरू नहीं हो पा रहा है।

#### ईवीएम स्टैंडअलोन प्रणाली, किसी भी डिवाइस से नहीं हो सकती है कनेक्ट : सूर्यवंशी



इस बीच मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट की निर्वाचन अधिकारी वंदना सूर्यवंशी ने कहा कि ईवीएम 'स्टैंडअलोन' (स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाली) प्रणाली है, इसे अनलॉक करने के लिए ओटीपी की जरूरत नहीं है। क्योंकि यह नॉन-प्रोग्रामेबल है और इसमें कोई वायरलेस संचार क्षमता नहीं है। सूर्यवंशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, आज जो खबर आई उस को लेकर कुछ लोगों ने ट्वीट किए। ईवीएम को अनलॉक करने के लिए कोई ओटीपी नहीं लगता है। ईवीएम डिवाइस किसी से कनेक्ट नहीं रहता। ईवीएम स्टैंडअलोन सिस्टम है। सूर्यवंशी ने बताया कि ईवीएम के बारे में गलत सूचना फैलाने और भारतीय चुनाव प्रणाली में संदेह पैदा करने के लिए एक समाचार पत्र को को नोटिस जारी किया गया है। ज्ञात रहे कि एक खबर में दावा किया गया था कि मुंबई की उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से 48 वोट से जीत दर्ज करने वाले शिवसेना (शिंदे)के उम्मीदवार के एक रिश्तेदार के पास एक ऐसा फोन है जिससे ईवीएम में छेड़छाड़ संभव थी।

### गोपी ने टिप्पणी को बताया प्रासंगिक संदर्भ

# इंदिरा गांधी कांग्रेसी हैं, इसलिए श्रेय देने से पीछे नहीं हट सकते

एजेंसी | तिरुवनंतपुरम

केरल से भाजपा सांसद और केंद्रीय पेट्रोलियम व पर्यटन राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को लेकर दिए गए अपने एक बयान पर कहा है कि सिर्फ इसलिए कि इंदिरा गांधी कांग्रेसी हैं और वह उन्हें श्रेय देने से पीछे नहीं हट सकते। उन्होंने कहा, मैं उन्हें स्वतंत्रता के बाद भारत का असली निर्माता कहता हूं। इससे पहले सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया कहा था और केरल के दिवंगत मुख्यमंत्री के. करुणाकरण को एक साहसी प्रशासक भी बताया था। उन्होंने करुणाकरण और माकपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री ईके नयनार को अपना राजनीतिक गुरु भी बताया था। गोपी ने रविवार को पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान इंदिरा गांधी को लेकर अपनी टिप्पणी को एक 'प्रासंगिक संदर्भ बताया। उन्होंने कहा कि मैं करुणाकरण के वास्तविक महत्व के बारे में बात कर रहा था। उन्होंने कहा, करुणाकरण को केरल में कांग्रेस का जनक होना चाहिए। उस संदर्भ में, मैंने इंदिरा गांधी को भारत में कांग्रेस की मां के रूप में संदर्भित किया था।



#### भाजपा में आना भावनात्मक फैसला

गोपी ने कहा है कि भाजपा में आना एक भावनात्मक फैसला था। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, सिर्फ़ इसलिए कि मेरे पिता का परिवार कांग्रेसी परिवार था, मेरी मां के परिवार ने केरल में जनसंघ के गठन में काम किया और मैं एसएफआई में था। लेकिन मेरे बदलाव के पीछे की वजह राजनीतिक नहीं थी। यह भावनात्मक है। मैं अपना जीवन भावनात्मक रूप से भी जीऊंगा। तभी मैं एक अच्छा पिता, अच्छा बेटा और एक अच्छा पति बन पाऊंगा। उन्होंने कहा, मुझे सनातन धर्म के सभी मूल्यवान गुणों का पालन करना है। ज्ञात रहे कि सुरेश गोपी ने लोकसभा चुनाव में केरल की त्रिशूर सीट पर जीत दर्ज की थी। इसके साथ ही उन्होंने केरल में भाजपा को पहली सीट दिलाई है। उन्होंने के करुणाकरण के बेटे के मुरलीधरन को हराया था।

## गोरखपुर में जीत का अंतर घटने की समीक्षा

**गोरखपुर**। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एनेक्सी भवन में जनप्रतिनिधियों के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक की और यह जानने की कोशिश की की आखिर भाजपा का वोट प्रतिशत और जीत का अंतर इतना कम कैसे हुआ? भाजपा इन दिनों उत्तर प्रदेश में चुनाव नतीजों की समीक्षा कर रही है। समीक्षा बैठक में लोकसभा सांसद रवि किशन शुक्ला और कमलेश पासवान सहित सभी विधानसभाओं के विधायक और वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।



#### सीएम योगी मां व रुद्रप्रयाग हादसे के घायलों से मिले

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश एम्स पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले अपनी मां से मिलकर उनका हाल जाना और डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने रुद्रप्रयाग हादसे में घायल हुए लोगों से भी मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा।

### लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव को लेकर सियासत गरमाई

# टीडीपी प्रत्याशी मैदान में उतारे तो विपक्ष समर्थन को तैयार: संजय राउत

एजेंसी | मुंबई/ नई दिल्ली

संसद के अगामी सत्र की तिथि की घोषणा के साथ ही इन दिनों लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव को लेकर सियासत गरमाई हुई है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि अगर सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार खड़ा करती है तो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सभी सहयोगी उसके लिए समर्थन सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। हालांकि जदयू के प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा है कि लोकसभा स्पीकर का पद सदन का सबसे गरिमापूर्ण पद होता है। उस पद पर पहला अधिकार सत्तारूढ़ दल का है। इंडिया गठबंधन की मांगें और बयान आपत्तिजनक हैं। संजय राउत ने मुंबई में पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव महत्वपूर्ण होगा और अगर भाजपा को यह पद मिलता है तो वह सरकार का समर्थन करने वाले दलों टीडीपल, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और चिराग पासवान और जयंत चौधरी के राजनीतिक संगठनों को तोड़ देगी। उन्होंने कहा है कि लोकसभा स्पीकर का पद राजग गठबंधन के किसी नेता को मिलना चाहिए। राउत ने कहा कि इस बार स्थिति 2014




और 2019 जैसी नहीं है। सरकार स्थिर नहीं है। उन्होंने दावा किया, हमें अनुभव है कि भाजपा उन लोगों को धोखा देती है जो उसका समर्थन करते हैं।' राउत ने कहा, मैंने सुना है कि टीडीपी अपना उम्मीदवार खड़ा करना चाहती है। अगर ऐसा होता है, तो इंडिया गठबंधन के सहयोगी इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि विपक्षी गठबंधन के सभी सहयोगी टीडीपी को समर्थन दें।

#### उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को मिले

राउत ने कहा कि नियम के मुताबिक विपक्ष को उपाध्यक्ष का पद मिलना चाहिए।। लोकसभा चुनाव के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ नेताओं द्वारा भाजपा के बारे में दिए गए हालिया बयानों के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा कि अगर आरएसएस अतीत की गलतियों को सुधारना चाहता है तो यह अच्छा है। उन्होंने कहा, हम घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं। राउत ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल की बैठक में नेता चुना गया था, न कि भाजपा संसदीय दल की बैठक में। उन्होंने कहा, भाजपा संसदीय दल की बैठक नहीं हुई। अगर भाजपा संसदीय दल की बैठक में नेतृत्व का मुद्दा आता तो नतीजे अलग हो सकते थे। इसलिए राजग संसदीय दल की बैठक में मोदी को नेता चुना गया। यह गंभीर मामला है।

#### फैसला संयुक्त रूप से किया जाए: टीडीपी



टीडीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पट्टाभि राम कोम्मारेड्डी ने कहा कि उम्मीदवार का फैसला एनडीए के सहयोगियों द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, एनडीए के सहयोगी दल साथ बैठकर तय करेंगे कि अध्यक्ष पद के लिए हमारा उम्मीदवार कौन होगा। आम सहमति बनने के बाद हम उस उम्मीदवार को मैदान में उतारेंगे और टीडीपी समेत सभी सहयोगी उसका समर्थन करेंगे।

#### विपक्षी गठबंधन की यह भी है शर्त

रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि अगर डिप्टी स्पीकर पद विपक्षी गठबंधन को नहीं मिला तो वे लोकसभा स्पीकर पद के लिए अपने उम्मीदवार का ऐलान कर सकते हैं। 17वीं लोकसभा के दौरान डिप्टी स्पीकर का पद खाली रहा था। ज्ञात रहे कि हाल ही में संपन्न हुए आम चुनाव में भाजपा को 240 सीटों पर जीत मिली और पार्टी बहुमत के आंकड़े 272 से 32 कम है। ऐसी स्थिति में तेदेपा (16) और जदयू (12) सीटों के साथ किंगमेकर बनकर उभरी हैं।

## IAF ने अमेरिका में रेड फ्लैग सैन्य अभ्यास में लिया भाग






*नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना की एक टुकड़ी ने अमेरिकी वायु सेना के एइलसन एयर फोर्स बेस, अलास्का में गत दिनों आयोजित वायु सैन्य अभ्यास रेड फ्लैग 2024 में भाग लिया। इस दौरान उन्नत हवाई युद्ध का अभ्यास किया गया। इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना के साथ-साथ रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर एयर फोर्स, ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स, रॉयल नीदरलैंड एयर फोर्स , जर्मन और अमेरिकी एयर फोर्स ने भाग लिया।*

## जरूरी खबर

### सरकारी नौकरियों में ट्रांसजेंडर को दें 1 % आरक्षण

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को राज्य में सभी सार्वजनिक नौकरियों में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए एक प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि राज्य ने स्वयं ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए रोजगार में समान व्यवहार की नीति अपनाई है। हालांकि,राज्य में अभी तक सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए आरक्षण नहीं किया गया है। जस्टिस राजशेखर मंथा ने पश्चिम बंगाल सरकार के मुख्य सचिव को सभी तरह के सार्वजनिक रोजगार में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए एक प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट का यह आदेश एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति की याचिका पर पारित किया गया। याचिकाकर्ता ने शिक्षक पात्रता परीक्षा 2014 और टीईटी 2022 में सफलता हासिल की, लेकिन उसे काउंसलिंग या साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया।

### मेडक में हिंसा... BJP नेता राजा सिंह अरेस्ट



**तेलंगाना।** तेलंगाना के भाजपा नेता राजा सिंह को शमशाबाद हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें पुलिस ने उस वक्त गिरफ्तार किया जब वह मेडक जा रहे थे। बता दें कि मेडक में मवेशी तस्करी के मामले में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प का मामला सामने आया है। इसके बाद प्रशासन ने यहां धारा 144 लागू लगा दी है। हिंसक झड़प में दो लोगों के घायल होने की खबर है। बताया जा रहा है कि जिस अस्पताल में घायल भर्ती हैं, वहां पर भी लोगों ने हमला किया। धारा 144 लागू होने की वजह से अब चार से अधिक लोग एक स्थान पर नहीं जुट सकते हैं।

### लेटलतीफ कर्मियों पर सख्ती, लगेगी आधे दिन की छुट्टी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लेटलतीफ कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। केंद्र ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि देर से कार्यालय आकर जल्दी जाने जाने वाले कर्मचारियों के मामलों को गंभीरता से लेने की अवश्यकता है। दरअसल इस बात की शिकायत मिली है कि कई कर्मचारी बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कर रहे। इसके अलावा यह भी शिकायत मिली थी कि कुछ कर्मचारी नियमित आधार पर देरी से आ रहे हैं। कार्मिक मंत्रालय ने कहा कि देर से आने पर कर्मचारियों की आधे दिन की आकस्मिक छुट्टी (सीएल) लगनी चाहिए।

### एक्स ने दो लाख अकाउंट पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफार्म एक्स ने 26 अप्रैल से 25 मई के बीच भारत में 2,29,925 अकाउंट पर प्रतिबंध लगाए हैं। इनमें से ज्यादातर बाल यौन शोषण और नग्नता को बढ़ावा देने से जुड़े थे। एक्स ने आतंक के प्रचार के लिए उपयोग किए जाने वाले 967 अकाउंट पर भी कार्रवाई की। एक्स की ओर से जारी मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। इस दौरान भारत में यूजर्स की ओर से 17,580 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसके अलावा, कंपनी ने 76 शिकायतों पर कार्रवाई की। इसमें अकाउंट निलंबन के खिलाफ अपील की गई थी। इसके साथ ही अकाउंट से जुड़ी सामान्य जानकारी के संबंध में 31 अनुरोध प्राप्त हुए थे। भारत से अधिकांश शिकायतें प्रतिबंध उल्लंघन, घृणित आचरण, संवेदनशील वयस्क सामग्री और दुर्व्यवहार और उत्पीड़न के बारे में थीं। पिछले महीने की

## गृह मंत्री शाह ने की जम्मू कश्मीर की स्थिति की समीक्षा

# आतंक की कमर तोड़ने की तैयारी, घाटी की तरह जम्मू में होगी कार्रवाई

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर में आतंकी गतिविधियों पर पूरी तरह से लगाम लगाने की नीति जीरो टेरर प्लान व एरिया डोमिनेशन प्लान (शून्य आतंकवाद व क्षेत्र में वर्चस्व योजना)को लागू करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को कश्मीर की तर्ज पर जम्मू संभाग में भी आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई पर जोर दिया तथा कहा कि आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें। ज्ञात रहे कि 21 जून को योग दिवस के कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री मोदी 20 जून को श्रीनगर जा रहे हैं।

शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी नीत सरकार नए तरीकों से आतंकवादियों पर नकेल कसने के लिए प्रतिबद्ध है। सूत्रों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में हाल में हुए आतंकवादी हमलों के मद्देनजर शाह ने सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक बुलाई थी। इसमें गृह मंत्री ने अधिकारियों से ये बातें कहीं। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला समेत अन्य शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। जम्मू कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 4 दिन में यह चौथी उच्च स्तरीय बैठक थी।



सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री को जम्मू-कश्मीर के मौजूदा हालात के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आने वाले दिनों में सुरक्षाबल वहां आतंकवाद रोधी अभियान तेज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ अभियान प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार चलाया जाएगा। इससे तीन दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने भी इसी मुद्दे पर एक बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया था।

### अमरनाथ यात्राः 500 कंपनियां होंगी तैनात

शाह ने 29 जून से शुरू हो रही वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की। इस बार अमरनाथ यात्रा 52 दिन की होगी। शाह ने अधिकारियों से यात्रा मार्ग और नेशनल हाईवे पर अतिरिक्त बलों की तैनाती करने को कहा है। जम्मू-कश्मीर में सभी तीर्थ स्थलों और पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ाई जाए। यात्रा से पहले केंद्र ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बढ़ाने के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों की 500 कंपनियों को तैनात करने का फैसला लिया है।

## कानून मंत्री मेघवाल बोले-

# 1 जुलाई से लागू होंगे नए आपराधिक कानून

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय विधि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को कहा कि तीन नए आपराधिक कानून 'भारतीय न्याय संहिता','भारत सुरक्षा संहिता' और 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम' एक जुलाई 2024 से लागू होंगे। ये कानून पिछले साल 25 दिसंबर को अधिसूचित किए गए थे। मेघवाल ने कहा, भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) बदल रहे हैं। उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए और भारत के विधि आयोग की रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए तीनों को कानूनों को बदला गया है। तीन नए कानूनों के लिए सभी राज्यों में प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (बीपीआरडी) इसके लिए प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारी न्यायिक अकादमियां, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय भी इसके लिए



प्रशिक्षण दे रहे हैं। सब कुछ साथ-साथ चल रहा है और एक जुलाई से ये तीनों कानून देश में लागू हो जाएंगे। ये कानून आपराधिक न्याय प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण हैं। खासतौर पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत अपराध की प्रकृति के आधार पर पुलिस हिरासत को पंद्रह दिन से बढ़ाकर 90 दिन कर दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं (आईपीसी में 511 धाराओं की जगह) होंगी। इस अधिनियम में कुल 20 नए अपराध जोड़े गए हैं और उनमें से 33 की सजा बढ़ा दी गई है। 83 अफराधों में जुर्माने की राशि बढ़ाई गई है और 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा तय की गई है।

## स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए निर्देश: रेजिडेंट डॉक्टरों पर लगेगी लगाम

# रेफर करने से पहले कंसल्टेंट से लेनी होगी सलाह

**एजेंसी । नई दिल्ली**

रेजिडेंट डॉक्टर मनमर्जी से मरीजों को रेफर नहीं कर सकेंगे। रेफर करने के लिए उन्हें कंसल्टेंट से सलाह लेनी होगी। अस्पतालों में अब एक विभाग से दूसरे विभाग में मरीजों के रेफर करने में अनावश्यक देरी भी नहीं होगी। मरीजों को रेफर करने की प्रक्रिया में विसंगतियों और जवाबदेही की कमी का जिक्र करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों के लिए एक विभाग से दूसरे विभाग में मरीज को रेफर करने से संबंधित दिशा-निर्देश पहली बार जारी किए हैं।

इसका मकसद अस्पतालों के विभागों के बीच सहयोग को सुगम बनाना है। अस्पतालों में अंतर-विभागीय रेफरल के लिए सात जून को जारी दिशा-निर्देश में जोर दिया गया है कि जब भी मरीजों को विशेष देखभाल, नैदानिक मूल्यांकन या परामर्श की आवश्यकता हो, तो रेफर करने की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए।



### दिए गए हैं ये निर्देश

दिशानिर्देशों में कहा गया है कि कंसल्टेंट की राय के लिए केवल कंसल्टेंट ही रेफर करें। स्नातकोत्तर रेजिडेंट डॉक्टर अपने कंसल्टेंट से चर्चा किए बिना रेफर नहीं कर सकते। कंसल्टेंट रेफरल रिकॉर्ड की समीक्षा करें। इससे रोगी की देखभाल में सुधार होगा, वहीं रेजिडेंट डॉक्टर भी बेहतर तरीके से सीख सकेंगे। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल ने कहा कि रेफर करने की प्रक्रिया किसी भी चिकित्सा संस्थान में रोगी की देखभाल का महत्वपूर्ण घटक है। खराब समन्वय, अस्पष्ट प्रक्रियाएं और स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए अपर्याप्त प्रशिक्षण जैसी समस्याएं आम तौर पर नजर आती हैं। ये समस्याएं रोगियों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इससे इलाज में विलंब होता है।

## अमेरिकी NSA की अजीत डोभाल से मुलाकात आज

# रक्षा तकनीकी सहयोग पर होगी बात

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार पदभार ग्रहण करने के बाद भारत-अमेरिका के संबंधों को और मजबूती मिलने की संभावना है। नई दिल्ली में सोमवार को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता होने वाली है। इस बैठक में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन शामिल होंगे।

बैठक दोनों देशों के बीच हथियार और सैन्य तकनीकी के आदान-प्रदान को लेकर चर्चा की जाएगी। शीर्ष सरकारी अधिकारियों के अनुसार, सोमवार को प्रस्तावित बैठक में 31 जनवरी 2023 को वाशिंगटन में हुई बैठक में लिए गए फैसलों की समीक्षा की जाएगी। जिन मुद्दों पर चर्चा होगी उनमें तेजस मार्क II लड़ाकू विमानों के लिए जीई-414 जेट इंजन की प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण का मुद्दा भी शामिल है।



### प्रीडेटर ड्रोन की बिक्री पर बातचीत संभव

भारत के साथ 31 एमक्यू 9बी सशस्त्र प्रीडेटर ड्रोन की बिक्री पर बातचीत करने के लिए एक अमेरिकी टीम पहले से ही भारत में है। इसके अलावा फ्रांस की एक टीम भी इन दिनों भारत में है जो आईएनएस विक्रांत के लिए 26 राफेल-मैरीटाइम लड़ाकू विमान की डील पर बातचीत को अंतिम रूप दे रही है। अजीत डोभाल फ्रांस के साथ भारत के सैन्य संबंधों को गहरा करने के लिए फ्रांसीसी NSA इमैनुएल बोने के साथ बैठक के लिए 20-21 जून को यात्रा पर होंगे।

## भारतीय रेलवे की एक और कामयाबी

# J&K: दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल पर दौड़ी ट्रायल ट्रेन

■ एफिल टावर से अधिक ऊंचा है चिनाब रेल पुल ■ जल्द शुरू हो जाएगी नियमित ट्रेन सेवा

**एजेंसी । जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल चिनाब रेल पुल पर जल्द ही ट्रेन दौड़ती नजर आएगी। पुल को बनाने का काम लगभग पूरा हो गया है। इसके निरीक्षण के लिए पहुंचे रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुल का जायजा लिया और रविवार को इस पर ट्रायल ट्रेन चलाई गई।

उत्तरी रेलवे इस पुल पर ट्रेन सेवाएं शुरू करने की तैयारी में हैं। यह पुल संगलदान को रामवन जिले से जोड़ता है। रेलवे अधिकारियों ने बताया की पुल पर ट्रेन सर्विस बहुत जल्दी शुरू हो जाएगी। आज हम बहुत खुश हैं किर यह काम पूरा हो पाया है।



### 7 स्टेशनों से होकर गुजरेगी ट्रेन, घाटी के लोगों के लिए आना-जाना होगा आसान

इस पुल का निर्माण उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के तहत किया गया है। ट्रेन 7 स्टेशनों से होकर बारामूला पहुंचेगी। इसका मकसद घाटी के लोगों के आने-जाने को आसान बनाना है। उधमपुर-श्रीनगर- बारामूला रेल लिंक परियोजना इस साल के अंत तक पूरी हो जाएगी। इस प्रोजेक्ट का उद्घाटन 20 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। इस प्रोजेक्ट में 48.1 किमी का बनिहाल-संगलदोन की रेल लाइन भी शामिल है। इस प्रोजेक्ट का पहला चरण जिसमें 118 किमी का काजीगुंज- बारामूला वाला सेक्शन शामिल था, उसका उद्घाटन अक्टूबर 2009 में किया गया था। कई चरणों के बाद 2014 में 25 किमी लंबे ऊधमपुर- कटरा सेक्शन का भी उद्घाटन हुआ।

### टनल-1 का काम आंशिक रूप से बाकी

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करके बताया कि चिनाब ब्रिज पर रविवार को ट्रायल ट्रेन सफलता पूर्वक चलाई गई। यह पुल जल्दी ही देश की सेवा में सौंप दिया जाएगा। इसका काम लगभग पूरा हो चुका है। टनल-1 का काम आंशिक रूप से बाकी है।

### चिनाब नदी से करीब 359मीटर ऊपर है पुल

चिनाब रेलवे पुल चिनाब नदी से करीब 359मीटर(1178 फीट) ऊपर है। यह एफिल टावर से करीब 35 मीटर ज्यादा ऊंचा है। 1,315 मीटर लंबा यह पुल बार्डर प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसका मुख्य लक्ष्य कश्मीर घाटी में भारतीय रेलवे की पहुंच को बढ़ाना है। पुल के निर्माण में कुल 30,000 मीट्रिक टन स्टील का उपयोग किया गया है। इसके निर्माण पर 1486 करोड़ रुपए की लागत आई है। यह 260 किमी प्रति घंटे तक की हवा की गति का सामना कर सकता है।

### किसान 20 जून से फिर देंगे धरना, रेल ट्रैक करेंगे जाम

**लुधियाना।** पंजाब के किसान एक बार फिर शंभू बॉर्डर पर केंद्र सरकार के खिलाफ धरना देंगे। भारतीय किसान यूनियन व अन्य किसान संगठनों की बैठक में फैसला लिया गया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। शंभू बॉर्डर पर दोबारा धरने देने का फैसला किया गया जिसमें रेल ट्रैक जाम किया जाएगा। किसान संगठन 20 जून को शंभू बॉर्डर पर धरना देने के लिए अपने-अपने एरिया से रवाना होंगे। किसान नेता जसबीर सिंह पिद्दी ने बताया कि किसान संगठनों की बैठक में किसानों के प्रदर्शन को और भी मजबूत बनाने को लेकर चर्चा हुई। किसानों ने फैसला लिया गया कि किसान संगठन 20 जून को शंभू बॉर्डर रवाना होंगे।

## जूनियर समर प्रोग्राम में 100 से अधिक बच्चों ने दी प्रस्तुति

# गुरु की सिखाई कला से बच्चों ने बांधा समां, मंच पर मौजूद हर कोई रोमांचित

**बेधड़क.जयपुर।** गुजराती डांडिया हो या राजस्थानी नाचे गोरी... डांस। हर कदम पर गुरु की सिखाई कला को बच्चों ने मंच पर उतारा तो हर कोई रोमांचित हो उठा। सामने बैठे साथी और परिजन भी उत्साहित हो गए और तालियों व हूटिंग से मोटिवेट किया। मौका था जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित जूनियर समर प्रोग्राम (कैम्प) में 100 से अधिक बच्चों के गायन, पियानो, वायलिन, कथक, लोक नृत्य की प्रस्तुति का। नृत्य गुरु राजेंद्र राव ने बताया कि भविष्य के कलाकारों की प्रस्तुति देख बच्चों के परिजनों और कला प्रेमियों के चेहरे पर खुशी छा गई। रंगायन के बाहर फोयर एरिया में प्रवेश करते ही आगंतुक बच्चों के रचनात्मक संसार में पहुंच गए। फोटोग्राफी एक्सपर्ट के निर्देशन में हुनर सीखने वाले प्रतिभागियों की फोटोज की प्रदर्शनी लगाई गई। हरिशंकर बालोठिया, मनीषा कुलश्रेष्ठ, नवीन चौधरी, आशीमा चौधरी के निर्देशन में कैलीग्राफी, क्रिएटिव राइटिंग-आर्ट ऑफ एक्सप्रेशन, मोजेक के गुर सीखने वाले प्रतिभागियों के आर्टवर्क यहां प्रदर्शित किए गए।







### रंगायन में हुआ गायन

रंगायन में गायन के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। नन्हें सुर साधकों ने सधे स्वरों में भजन व फिल्मी गीत गाए। पौने नौ मात्रा में निबद्ध गणेश वंदना से उन्होंने सुरीले सफर की शुरुआत की। जानकी नाथ सहाय करे से माहौल को आध्यात्मिक बनाया। गुरु डॉ. गरिमा कुमावत ने बच्चों के साथ मंच साझा किया। सुनील सिंह तंवर ने तबला और राजेंद्र मेवाल ने हारमोनियम पर संगत की। इसके बाद नन्हें कलाकारों ने पियानो पर अंगुलियों की अठखेलियां दिखाई। उन्होंने सूरज की गर्मी, नानी तेरी मोरनी को मोर ले गया, लकड़ी की काठी, बिलीवर आदि गीतों की धुन बजाई। प्रशिक्षक प्रदीप चतुर्वेदी और सहायक प्रशिक्षक डॉ. रघुवंश मणि चतुर्वेदी ने बच्चों की हौसला अफजाई की।

### राग भूपाली ने जमाया रंग

वायलिन पर शास्त्रीय रागों की साथ बच्चों ने फिल्मी धुन बजाई। बच्चों ने मध्य तल, तीन ताल में निबद्ध राग भूपाली से आगाज किया। द्रुत लय में ताने, तिहाई, झाला के बाद 'दिल है छोटा सा, छोटी सी आशा' गीत की मधुर धुन बजाकर मंत्रमुग्ध किया। इसके बाद बच्चों ने नृत्य कर सभी का दिल जीता। गुरु वंदना के साथ जयपुर घराने के शुद्ध कथक की शुरुआत की। तत्कार, पलटे, आमद, परण, चक्करदार पेश किए।



### लोक नृत्यों की छठा बिखेरी

इसके बाद बच्चों ने लोक नृत्यों के लालित्य की छठा बिखेरी। 'ओ नटवर नानो रे' गीत पर गरबे से कृष्ण की महिमा का गुणगान किया। नाचे गौरी, बाजे रे रंगीलो रंग रसिया गीत पर नन्हें कदमों का थिरकता देख दर्शक झूमने लगे। कैम्प में लोकनृत्य गुरु राजेन्द्र कुमार राव ने लोक नृत्य की सीख बच्चों को दी। गायन पर राजेंद्र जड़ेजा, सह गायन पर प्रियंका, राघवी व माधवी तथा ढोलक पर संजय सिद्धू ने व तबले पर दिनेश खींची ने संगत की।

## गायत्री माता के सजाई झांकी



**बेधड़क. जयपुर।** गलता गेट स्थित मंदिर श्री गीता गायत्री मे पं. राजकुमार चतुर्वेदी के सान्निध्य में चल रहे दो दिवसीय गायत्री जयंती महोत्सव में रविवार को गायत्री माता सहित सभी विग्रहों का पंचामृत सहित विभिन्न तीर्थों के जल और दिव्य औषधियां से अभिषेक कर नूतन पोशाक धारण कराई गई। गायत्री माता के अमिया झांकी सजाई गई। आकर्षक श्रृंगार कर भगवान के विग्रहों की महाआरती की। द्वादश सदाशिव ज्योतिर्लिंग का अभिषेक किया गया और भजन संध्या का आयोजन हुआ। सोमवार सुबह 41 विद्वान पंडितों द्वारा सवा लाख गायत्री महामंत्र जाप किया जाएगा। माता गायत्री को आम रस का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को पिलाया जाएगा। शाम को दशांश हवन यज्ञ विशेष पूजा अर्चना के साथ संत सम्मान के साथ गायत्री महायज्ञकी पूर्णाहुति होगी।

## विश्व कल्याण के लिए दी आहुतियां



**बेधड़क. जयपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी, गायत्री शक्तिपीठ वाटिका, गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़, किरण पथ मानसरोवर स्थित श्री वेदमाता गायत्री वेदना निवारण केन्द्र में गायत्री जयंती पर विविध आयोजन हुए। गायत्री शक्ति पीठ ब्रह्मपुरी में सुबह आठ बजे से पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में विश्व कल्याणार्थ यज्ञ भगवान का आहुतियां प्रदान की गई। इस मौके पर दीक्षा, पुसंवन, नामकरण, यज्ञोपवीत सहित अन्य संस्कार भी कराए गए। मानसरोवर स्थित वेदना निवारण केन्द्र में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ में गायत्री मंत्र के साथ आहुतियां अर्पित की गई। गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ में गायत्री जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## City इवेंट्स

### ब्राह्मण बटुकों को धारण करवाई जनेऊ



**बेधड़क. जयपुर।** आर्ष संस्कृति दिग्दर्शक ट्रस्ट की ओर से संसार चंद्र रोड स्थित माधो बिहारी मंदिर में गंगा दशमी पर 26 ब्राह्मण बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार हुआ। विजय शंकर पाण्डेय ने बताया कि पूजा-अर्चना और हवन के बाद गोविंद देव जी मंदिर के मानस गोस्वामी, शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज, गढ़ गणेश मंदिर महंत प्रदीप औदिच्य के सान्निध्य में अभिजीत मुहूर्त में बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार करवाया। कार्यक्रम गोविंद देव जी मंदिर के प्रवक्ता मानस गोस्वामी, अलबेली माधुरी शरण महाराज, प्रवीण भैया पंचांग कर्ता आदित्य मोहन, पं सुरेश मिश्रा, राम रजदास महाराज, महामंडलेश्वर मनोहर दास महाराज गढ़ गणेश मन्दिर महन्त प्रदीप औदिच्य के सान्निध्य में संपन्न हुआ। अश्विनी चतुर्वेदी और डा प्रशांत शर्मा के निर्देशन में यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न हुआ।

### फोइनिक्स का टीजर रिलीज

**बेधड़क. जयपुर।** विजय सेतुपति के बेटे सूर्या विजय गुरुनाथ सेतुपति की डेब्यू तमिल फिल्म फोइनिक्स का टीजर रविवार शाम 6 बजे सुपरस्टार विशाल ने रिवील किया। खास बात यह है कि हीरो के साथ ही इस मूवी के डायरेक्टर एएनएल आरासु भी डायरेक्शन में डेब्यू कर रहे हैं।



### सुरीली शाम में छोटे सिंगर्स रहेंगे आकर्षण



**बेधड़क. जयपुर।** गुलाबी नगरी 75 वर्षों के अनुभव को स्वरों में महसूस करेगी, क्योंकि 22 जून को 5 से 75 साल के सुर साधक सुपर हिट फिल्मी युगल गीतों की माला पिरोएंगे। सुरीली शाम सुर के नाम नामक यह कार्यक्रम सी-स्कीम स्थित महावीर स्कूल ऑडिटोरिम में शाम 5 बजे से होगा। संगीत संध्या का आयोजन शहर के जाने-माने गायक व संगीत गुरु आमोद चतुर्वेदी के निर्देशन में 'सुर म्यूजिक एकेडमी' के बैनर तले होगा, जिसमें छोटे सिंगर्स भी आकर्षण होंगे। कार्यक्रम संचालक आभा द्वीवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में एकेडमी के विभिन्न आयु वर्ग के 5 से 75 वर्ष तक के सभी सुर साधकों की ओर से युगल गीतों की लाइव बैंड पर प्रस्तुति खास होगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से इशारों इशारों में दिल लेने वाले, आप यूं ही अगर हम से मिलते रहे सैंया ले गई जिया... जैसे सुपर हिट फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान मंच संचालन आभा द्विवेदी करेंगी।

## राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष का नागरिक अभिनंदन

# स्वर्णकार संघ की स्थापना से अब तक की यात्रा हुई साकार




**बेधड़क | जयपुर**

अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्मीर सिंह राजपूत और राजस्थान के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शिवकरण जानू का विशेष नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर देश भर से संघ के सौ से अधिक पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ की वर्ष 1960 में स्थापना से लेकर अब तक की यात्रा का एक विशेष विवरण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम संयोजक एवं संघ के राष्ट्रीय सचिव दिलीप कुमार ने बताया, कि समारोह में जेम्स एंड ज्वेलरी कांउंसिल और जयपुर ज्वैलरी शो की टीम ने भी संघ के साथ मिलकर आगे की योजना बनाई। मंच संचालन हरिराम किंवाड़ा ने किया। इस अवसर पर गीतांजलि ज्वेलर्स समूह के चेयरमैन शिवकरण जानू को सर्वसम्मति से संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्मीर सिंह और पूरी कार्यकारिणी ने नियुक्ति पत्र सौंपा। शिवकरण जानू के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद उनका स्वागत फूल माला पहनाकर व साफा बंधाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में संघ के नेशनल सीनियर वाइस प्रेसिडेंट परगट सिंह, वाइस प्रेसिडेंट राजेंद्र सोनी, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष और राजस्थान के ऑब्जर्वर सत्यनारायण सेठ, संगठन सचिव अशोक सूरी, नेशनल सेक्रेट्री दिलीप कुमार, दीपा डांवर, पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी कुमार, नीतीश चौहान, बबलू सेठ, आकाश वर्मा, भानु प्रकाश सेठ व सतीश शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## समग्र नेशनल आइकन अवॉर्ड का पोस्टर लॉन्च

# उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को करेंगे सम्मानित




**बेधड़क | जयपुर**

जवाहर कला केंद्र ऑडिटोरियम में रविवार को समग्र नेशनल आइकन अवॉर्ड-2024 का आयोजन किया जाएगा। संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट दया शर्मा ने बताया कि समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने किया। पोस्टर विमोचन के दौरान एडवोकेट दया शर्मा, मालवीय नगर मंडल महामंत्री घनश्याम भार्गव, दीपिका जैन, निखिल वर्मा, संगीता सिंह और वार्ड 131 के पार्षद गोविंद छीपा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय व प्रांतीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित व सम्मानित करना है। मालवीय नगर मंडल महामंत्री घनश्याम भार्गव ने बताया कि संस्थान 20 वर्षों से सामाजिक सरोकार की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय हैं। इसमें बालिका शिक्षा, नारी उत्थान व स्वास्थ्य, गरीब व असहाय बच्चों व लोगों की मदद करना, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान सेवा, परिवार में संस्कार व सौहार्द में सहयोग, ऐतिहासिक विरासतों का संरक्षण, सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियां आदि शामिल हैं। गौरतलब है कि विगत समग्र नेशनल आइकन अवॉर्ड 2023 में विभिन्न गतिविधियों व समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान व उत्तम स्थान प्राप्त करने वाली 25 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा।

**शौर्य वंदन** | करगिल युद्ध में शहीद 11 सैनिकों के परिजनों का सम्मान

# परिवार के साथ समाज और देश सेवा का जज्बा रखें युवा

**बेधड़क | जयपुर**

'देश आगे बढ़ रहा है, क्योंकि हम सुरक्षित हैं। कोई है जो हमारे लिए जी रहे हैं। जो हमारी सुरक्षा के लिए प्राणों की बाजी लगाकर हमें खुली हवा में जीने की आजादी दे रहे हैं। इस बलिदान को याद रखते हुए हम भी दूसरों के लिए जीना सीखें। अपने परिवार के साथ समाज और देश की सेवा का जज्बा मन में रखें, तभी जीवन सार्थक होगा।' परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर ऑनरेरी कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव ने यह बात रविवार को एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट जयपुर की ओर से आयोजित शौर्य वंदन कार्यक्रम में शहीदों परिवारों के सम्मान के दौरान कही। समारोह में सीख देते हुए कैप्टन योगेन्द्र ने कहा कि सेना का सम्मान देश का सम्मान है। जिस तरह एक योद्धा देश के लिए लड़ता है ठीक उसी तरह एक युवाओं को देश को आगे ले जाने के लिए संकल्पित रहना चाहिए।




### 11-11 हजार के चेक व सम्मान पत्र सौंपे

करगिल विजय के 25वें वर्ष के तहत शौर्य वंदन कार्यक्रम दीप स्मृति ऑडिटोरियम में हुआ, जहां करगिल युद्ध में शहीद 11 सैनिकों के परिजनों का सम्मान किया गया। इनमें शहीद अमित भारद्वाज, शहीद आनन्द सिंह, शहीद बिरेन्द्र सिंह, शहीद हीरा सिंह जाट, शहीद करण सिंह, शहीद मोहन कातहत, शहीद विक्रम सिंह, शहीद कालूराम जाखड़, शहीद नरेन्द्र कुमार, शहीद शीशराम और शहीद नेतराम के परिजन शामिल रहे। परिजनों को 11-11 हजार के चेक व सम्मान पत्र सौंपे गए। इस दौरान शहीदों के परिजनों ने अनुभव साझा किए।

### हर व्यक्ति के जीवन में हो अनुशासन

कार्यक्रम में शामिल हुए ब्रिगेडियर सचिन ठाकुर ने कहा कि सैनिक एक अनुशासन को जीता है। हर व्यक्ति के जीवन में अनुशासन होना चाहिए। हम बिना योजनाबद्ध पढ़ाई के लक्ष्य हासिल नहीं कर सकते। हर लक्ष्य के लिए योजना बनाई जानी चाहिए और उनके अनुरूप प्रयास होने चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलन निदेशक डॉ. नवीन माहेश्वरी ने शहीदों को नमन करते हुए परिजनों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि हम अपने सामाजिक सरोकार निभाने में आगे



या तो परिस्थिति को स्वीकार करो या परिस्थिति बदलने की जिम्मेदारी लो।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

**इस्लामिक स्टेट से जुड़े कैदियों ने रूसी जेल में गार्ड्स को बना लिया था बंधक... सुरक्षाबलों ने चलाया ऑपरेशन**

# रूसी जेल में छह ISIS आतंकियों का खात्मा

**एजेंसी** | मॉस्को

रूसी सुरक्षाबलों ने दक्षिणी रूस में स्थित एक हिरासत केंद्र पर रविवार को धावा बोलकर दो जेल कर्मियों को आजाद करा लिया। रूसी बलों ने कार्रवाई के दौरान जेल कर्मियों को बंधक बनाने वाले इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) आतंकवादी समूह से जुड़े छह कैदियों को मार गिराया। इस कार्रवाई में हिरासत केंद्र में बंधकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। रिपोर्ट के मुताबिक, रोस्तोव क्षेत्र के हिरासत केंद्र नंबर 1 के केंद्रीय प्रांगण में बंधक बनाने वाले छह लोग थे और उनके पास चाकू और अन्य हथियार थे। कैदियों में इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े होने के आरोपी भी शामिल हैं। जेल कर्मियों को बंधक बनाने वाले छह लोगों में से एक ने इस्लामिक स्टेट के झंडे वाला हेडबैंड पहना हुआ था, जिस पर अरबी भाषा में लिखा हुआ था। कैदियों ने खिड़की की सलाखें तोड़ दीं और रस्सी के सहारे कई मंजिल नीचे उतर गए। इसके बाद चाकू और कुल्हाड़ी से गार्डों को बंधक बना लिया। टेलीग्राम चैनल पर जारी किए गए वीडियो में एक आतंकी बंधक बनाए गए एक गार्ड के बगल में चाकू लहराते हुए दिखाया गया था।



### आतंकी बाहर निकलने की कर रहे थे मांग

अधिकारियों से बातचीत में कैदियों ने बाहर निकलने की मांग की, लेकिन रूसी सुरक्षा बलों ने इसे स्वीकार करने की जगह जेल पर धावा बोलने का फैसला किया। रूस की संघीय दंड सेवा ने एक बयान में कहा कि बंधकों को मुक्त कराने के लिए 'विशेष अभियान' चलाया गया। इसमें अपराधियों को मार गिराया गया है। जेल सेवा ने कहा कि बंधक बनाए गए कर्मचारियों को रिहा कर दिया गया है। वे घायल नहीं हैं।

### स्पेशल फोर्स ने लिया एक्शन

रूस की मीडिया ने कहा कि कुछ कैदियों की इस्लामिक स्टेट आतंकवादी समूह से जुड़े होने की जानकारी मिली थी, साथ ही कई पर अपराध के गंभीर आरोप है। रूस की संघीय प्रायद्वीपीय सेवा ने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों को साइट पर फौरन बुलाया गया था, जिसके बाद स्पेशल फोर्स ने एक्शन लिया और बंधियों को छुड़ा लिया गया। इस घटना के बाद जेल के आसपास की सारी सड़कों को बंद कर दिया गया है। कैदियों ने जेल के गार्डों को बंधक बनाया था, लेकिन थोड़ी ही देर में रूसी सेना ने एक्शन लिया और गार्डों को बचा लिया।

### पहले भी ISIS ने किया हमला

हाल के वर्षों में आईएस ने रूस में कई हमले किए हैं। रूस की राजधानी मॉस्को में मार्च में एक कॉन्सर्ट हॉल में भयानक हमला हुआ था, 22 मार्च को हुए इस खतरनाक हमले में लगभग 144 लोगों की मौत हो गई थी और हजारों लोग घायल हो गए थे। इस हमले की जिम्मेदारी बाद में ISIS ने ली थी। इसके बाद अब दूसरी बार ISIS ने रूस में दो जेल के गार्डों को बंधी बना लिया था।

**इजराइल-हमास के बीच युद्ध जारी...**

# रफाह विस्फोट में आठ IDF सैनिकों की मौत

**एजेंसी** | तेल अवीव

दक्षिणी गाजा के रफाह में एक भयानक विस्फोट में आठ इजराइली सैनिकों की जान चली गई। यह जनवरी के बाद से इजराइली सेना के लिए सबसे घातक घटना है। मारे गए सैनिकों में 23 वर्षीय कैप्टन वासेम महमूद की पहचान हो गई। वह बेत जान से कॉम्बैट इंजीनियरिंग कोर की 601वीं बटालियन में डिप्टी कंपनी कमांडर थे। सात सैनिकों के नाम उनके परिवारों को सूचित किए जाने के बाद जारी किए जाएंगे।

आईडीएफ की जांच से प्राप्त प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चलता है कि जब विस्फोट हुआ तब सैनिक नामर बख्तरबंद लड़ाकू इंजीनियरिंग वाहन के अंदर थे। यह घटना सुबह करीब 5 बजे हुई, जब काफिला रफाह के तेल सुल्तान इलाके में हमास के खिलाफ रात भर के हमले के बाद आराम के लिए जा रहा था। काफिले में पांचवें या छठे वाहन के रूप में तैनात बख्तरबंद लड़ाकू इंजीनियरिंग वाहन नामर में एक शक्तिशाली विस्फोट हुआ। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि विस्फोट पहले से लगाए गए बम से हुआ या हमास के गुर्गों ने वाहन पर विस्फोटक उपकरण लगाया था। जांचकर्ता इस बात पर भी विचार कर रहे हैं कि क्या नामर बख्तरबंद लड़ाकू इंजीनियरिंग वाहन के बाहर एकत्र विस्फोटकों ने विस्फोट की तीव्रता को बढ़ा दिया। आईडीएफ के अनुसार घटना के दौरान कोई गोलीबारी नहीं हुई और विस्फोट के समय वाहन गति में था।



### कुल 307 इजराइली सैनिकों की गई जान

इन सैनिकों की मृत्यु के साथ ही हमास के विरुद्ध जमीनी हमले और गाजा सीमा पर अभियान के दौरान आईडीएफ के हताहतों की कुल संख्या 307 हो गई है। इस संख्या में हाल ही में बंधक बचाव अभियान में मारे गए एक पुलिस अधिकारी और संघर्ष में मारे गए एक नागरिक रक्षा मंत्रालय के ठेकेदार भी शामिल हैं। इस त्रासदी से पहले सबसे घातक घटना जनवरी में हुई थी। उस समय हमास के आरपीजी हमले से हुए विस्फोट में 21 सैनिक मारे गए थे, जिसके परिणामस्वरूप दो इमारतें ढह गईं थी। रिपोर्ट के अनुसार आईडीएफ इस विनाशकारी नुकसान से जुड़ी परिस्थितियों की जांच जारी रखे हुए है. साथ ही अस्थिर क्षेत्रों में कार्यरत सैन्य कर्मियों के समक्ष आने वाली चुनौतियों और जोखिमों पर जोर दे रहा है।

**सऊदी अरब में 47 डिग्री से ऊपर तक पहुंच गया तापमान**

# हीटस्ट्रोक से 14 हज यात्रियों की मौत

**एजेंसी** | काहिरा

ईद- उल-अजहा उत्सव के बीच सऊदी अरब में बड़ी संख्या में हज यात्रियों की भीड़ उमड़ी। हालांकि, सऊदी अरब में पड़ रही चिलमिलाती गर्मी हज यात्रियों के लिए चुनौती साबित हो रही है। हज के दौरान पारा 47 डिग्री से ऊपर तक पहुंच गया है। इससे खासतौर पर बुजुर्गों के लिए मुश्किलें बढ़ गई है। मक्का में भीषण गर्मी के कारण 14 जॉर्डनियों की मौत हो गई है और 17 अन्य लापता हैं। इसकी जानकारी जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में दिया है। इससे पहले जॉर्डन में विदेश मामलों और प्रवासियों के मंत्रालय ने पहले माउंट अराफात पर हीट स्ट्रोक के कारण छह जॉर्डन नागरिकों की मौत की पुष्टि की थी। हालांकि, कई अन्य स्थानीय सूत्रों ने इससे अधिक संख्या की सूचना दी है, जिसके अनुसार 14 तीर्थयात्रियों की मृत्यु हुई है और उनके नाम भी पब्लिश किए गए हैं। हीट स्ट्रोक गर्मी से होने वाली बीमारी का एक गंभीर रूप है।







**स्टडी में खुलासा**

# धरती पर छोटे हो सकते हैं दिन

**एजेंसी** | वाशिंगटन

पृथ्वी के आंतरिक कोर के घूमने की गति सतह की अपेक्षा धीरे-धीरे कम हो रही है। शोधकर्ताओं का कहना है कि आंतरिक कोर के धीमे होने की वजह से पृथ्वी पर आने वाले समय में दिन की लंबाई कम हो सकती है। हालांकि, यह कमी एक सेकंड की होगी। नेचर जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन में पता चला है कि आंतरिक कोर ने 2010 से अपने घूमने की गति को धीमा करना शुरू किया है। पृथ्वी की आंतरिक कोर लोहे और निकल से बना एक ठोस गोला है, जो बाहरी तरल कोर के भीतर मौजूद है। यह गुरुत्वाकर्षण के चलते अपने स्थान पर स्थिर है। आंतरिक और बाहरी कोर मिलकर पृथ्वी की तीन परतों में से एक को बनाते हैं। अन्य दो परतें मेंटल और क्रस्ट हैं। क्रस्ट वह परत है जिस पर हम रहते हैं। पृथ्वी की कोर में होने वाली हलचल के लिए वैज्ञानिक भूकंप के दौरान प्राप्त होने वाली तरंगों की रिकॉर्डिंग का विश्लेषण करके कोर का अध्ययन करते हैं। इस रिकॉर्डिंग को सीस्मोग्राम कहते हैं। अमेरिकी के दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में पृथ्वी विज्ञान के प्रोफेसर जॉन विडेल कहते हैं कि जब मैंने पहली बार सीस्मोग्राम देखा तो हैरान रह गया। यह परिवर्तन का संकेत दे रहा था। विडेल ने बताया कि 20 अधिक सीस्मोग्राम का अध्ययन किया गया और ये सभी एक ही पैटर्न की तरफ संकेत दे रहे थे। नतीजा साफ था। शोध में कहा गया है कि चार दशकों में पहली बार है जब आंतरिक कोर मेंटल की तुलना में धीमी गति से घूम रही है। विडेल ने कहा कि अन्य वैज्ञानिकों ने हाल ही में इसी तरह के और अलग-अलग मॉडल के तर्क दिए हैं, लेकिन हमारा नवीनतम अध्ययन सबसे ठोस समाधान प्रदान करता है। इसी साल की शुरुआत में नेचर जर्नल में एक अध्ययन प्रकाशित हुआ था, जिसमें बताया गया था कि ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका में जलवायु परिवर्तन के चलते बर्फ पिघल रही है, जिससे पृथ्वी का घूर्णन धीमा हो रहा है।



### ऐसे किया गया अध्ययन

अपने ताजा अध्ययन के लिए शोधकर्ताओं ने 1991 से 2023 के बीच दक्षिणी अटलांटिक महासागर में एक दूर स्थित द्वीप समूह साउथ सैंडिच में एक ही स्थान पर बार-बार आने वाले 121 भूकंपों के दर्ज किए गए डेटा को देखा। विश्लेषण के दौरान शोधकर्ताओं ने 1971 और 1974 के बीच दोहरे सोवियत परमाणु परीक्षणों के आंकड़ों के साथ-साथ आंतरिक कोर के अन्य अध्ययनों से प्राप्त कई फ्रांसीसी और अमेरिकी परमाणु परीक्षणों के आंकड़ों को भी शामिल किया गया।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl